हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live

वर्ष : 01 अंक–222 : जौनपुर, सोमवार 08 मई 2023 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## जिन्होंने आपको पानी के लिए तरसाया आप उन्हें एक–एक वोट के लिए तरसाइए' –सीएम

मिर्जापुर ब्यूरो : उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ मिर्जापुर पहुंच गए हैं। मिर्जापुर में सीएम छानबे विधानसभा सीट के उप चुनाव लिए जनसभा को संबोधित कर रहे हैं। सीएम ने कहा– मैं आप लोगों का आभार व्यक्त करता हूं कि आपने हमारा साथ दिया। मिर्जापुर में पेयजल की समस्या जल्द दूर होगी। डबल इंजन की सरकार ने गरीबों के लिए काम किया है। जिन लोगों ने आपको पानी के लिए तरसाया आप उन्हें एक–एक वोट के लिए तरसाइए'। ये लोग परिवार वादी सोच के लोग हैं इन्हें विकास से मतलब नहीं है। सपा–बसपा का सूपड़ा तो साफ होना ही है। इसलिए उन्होंने खुद को प्रचार से भी दूर रखा है। सीएम ने आगे कहा– पहले युवाओं के हाथ में तमंचे हुआ करते थे लेकिन आज टेबलेट है। हमारी सरकार ने दो करोड़ युवाओं को टेबलेट देने का लक्ष्य बनाया है। सीएम योगी की खास बातें– लालगंज के बाबू उपरौधा इंटर कालेज में सोमवार को जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गर्मियों में मिर्जापुर में टैंकर से पानी की सप्लाई होती थी। बहन, बेटियों को कई किलोमीटर पैदल चलकर सिर पर घड़ा रखकर पानी लाना पड़ता था। अब बेटियों को दो–चार आठ किलोमीटर का सफर नहीं करना होगा। जल जीवन मिशन के तहत हर घर शुद्ध जल पहुंचाने का कार्य करने जा रही है। इस योजना पर तेजी से कार्य चल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों की सब्जियां, अनाज व अन्य उत्पाद देश के किसी भी बाजार में पहुंच सकेंगे। विंध्याचल के करीबी जेट्टी बनाई जा रही है। वाटरवेज के माध्यम से देश–विदेश के मार्केट



में कोई भी सामान भेजा जा सकेगा। उन्होंने कहा कि जब उत्तर प्रदेश बढ़ रहा है तो मिर्जापुर भला कैसे पीछे रह सकता है। विपक्षियों पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा किपारिवारिक सोच रखने वाले लोगों कि केवल एक ही कार्य योजना है युवाओं के हाथों में तमंचा पकड़वा कर समाज के खिलाफ काम कराना। अब युवा के हाथ में कोई तमंचा नहीं पकड़ा सकता क्योंकि दो करोड़ युवाओं के हाथों में टेबलेट पहुंचाने का काम सरकार ने किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जल्द ही मिर्जापुर में विश्वस्तरीय विश्विद्यालय बनकर तैयार हो जाएगा। डिग्री पर मां विंध यवासिनी की तस्वीर रहेगी। छात्र कहीं भी जाएगा माँ की तस्वीर के साथ उनका आशीर्वाद भी रहेगा। इस दौरान समर्थित प्रत्याशियों के बारे में बताया। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल, कैबिनेट मंत्री प्रदेश सरकार नंद गोपाल नंदी, कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल, पूर्व मंत्री रमाशंकर पटेल, विधायक रत्नाकर मिश्रा, डॉ विनोद बिंद, एमएलसी श्याम नारायण सिंह, पूर्व मंत्री रंग नाथ मिश्रा उपस्थित रहे।

## मानव सेवा हमें प्राचीन काल से ही सिखायी गई है –अमरनाथ मिश्रा

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। रेडक्रास सोसायटी के जनक सर हेनरी डयूनॉट का जन्म दिवस को अंतरराष्ट्रीय रेडक्रास दिवस के रूप में रेडक्रास भवन भवन कैसरबाग लखनऊ स्थित मुख्यालय में मनाया गया। सर्वप्रथम सर हेनरी डयूनॉट जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण राज्य शाखा की महासचिव डॉ0 हिमा बिंदु नायक द्वारा किया गया। माल्यार्पण के समय अरुण कुमार सिंह कोषाध्यक्ष अमरनाथ मिश्रा, सचिव जिला रेडक्रास शाखा, शफीक जमा,विधि सलाहकार, राज्य शाखा के साथ विभिन्न जिलों से आये 18 जिलो के प्रतिनिधियों एवं रेडक्रास स्टाफ ने भाग लिया। माल्यार्पण के बाद विभिन्न स्कूलों के बच्चों द्वारा सेव स्वायल, वालेंटियरिजम व कोविड–19 विषय पर बनाई गई पेंटिंग, कोलाज एवं स्लोगन को देखकर उन्हें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार हेतु चयनित किया गया। इस अवसर पर एक गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। जिसमें डा0 हिमाबिन्दु नायक, महा सचिव ने सर हेनरी डयूनांट के योगदान को याद किया तथा हमे विश्व शान्ति हेतु सभी के साथ मिलकर सेवा कार्य करने हेतु प्रेरित किया। अमरनाथ मिश्रा,सचिव जिला रेडक्रास शाखा एवं सदस्य प्रबन्ध समिति राज्य शाखा ने कहा कि मानव सेवा हमे



प्राचीन काल से ही सिखायी गई है। हम लोगों को सर हेनरी डयूनॉट द्वारा दी गई शिक्षा को भारतीय संस्कृति के साथ मिलाकर करना चाहिए। शफीक जमा, विधि सलाहकार उत्तर प्रदेश रेडक्रास ने यकजती के साथ सेवा कार्य किये जाने का विचार रखा। कोषाध्यक्ष अरुण कुमार सिंह ने कहा हमें मानव के कल्याण हेतु हर संभव कार्य करना चाहिये। महासचिव डा0 हिमाबिन्दु नायक ने सभा में उपास्थित सभी लोगों को धन्यवाद दिया तथा विश्व शॉति की प्रार्थना की एवं सभी सम्मानित सदस्यों को सेवा कार्य करने हेतु संकल्प दिलवाया।

**पाठक बन्धुओं से अनुरोध**

आप सभी से अनुरोध है कि ऑनलाइन समाचार पत्र पढ़नें हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट www.Desh ki upasana.com का अधिक अधिक उपयोग करें–तथा हमारें यू–ट्यूब चैनल / पोर्टल - dku live सत्य एवं प्रमाणिक खबरों के लिए Like&Subscribe जरूर कीजिए।

–संपादक

## श्रीमद् भागवत कथा हवन यज्ञ विशाल भंडारे के साथ हुआ सम्पन्न

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। राजधानी के मोहान रोड स्थित पिंक सिटी में स्थापित देवलोक मंदिर का वार्षिकोत्सव श्रीमद् भागवत कथा




हवन यज्ञ भंडारे के साथ हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। संस्थापक संदीप कुमार दुबे ने बताया कि सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा में क्षेत्रवासियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। श्रद्धालुओं ने हवन किया, प्रसाद वितरण हुआ। भंडारे में मोहान रोड, पारा ,बुद्धेश्वर ,हरदोई रिंग रोड आदि इलाके के हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

## छह साल के मासूम की केबिल से गला घोंटकर हत्या के बाद खुद भी फांसी पर लटका पिता

लखनऊ ब्यूरो : राजधानी लखनऊ के गोसाईंगंज थाना क्षेत्र के अमेठी कस्बा स्थित मुंशीगंज निवासी विनोद यादव (43) ने मासूम बेटे की हत्या करने के बाद बेटी को भी मारने का प्रयास किया। बेटी किसी तरह जान बचाकर भागी और पड़ोसियो को बताया। बेटे की हत्या के बाद आरोपी पिता ने भी फंदे से लटककर जान दे दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने पिता पुत्र के शव कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस को कमरे से एक सुसाइड नोट भी मिला है। पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है। प्रभारी निरीक्षक गोसाईंगंज दीपक पाण्डेय के मुताबिक विनोद यादव प्राइवेट वाहन चलाता है। रविवार रात को खाना खाकर विनोद बेटे श्याम सुंदर (6) व बेटी मानवी (8) के साथ सो गया। सोमवार सुबह करीब पांच उठा और सो रहे बेटे की केबिल तार से गला दबाकर हत्या कर दी। भाई की चीखें सुनकर मानवी भी जग गई और पिता को रोकने का प्रयास किया। बेटे को मौत के घाट उतारने के बाद आरोपी ने बेटी को भी मारने का प्रयास किया लेकिन बेटी किसी तरह जान बचाकर भाग गई। इसी बीच आरोपी पिता ने भी कमरे में दीवार के रोशनदान से केबिल के तार से लटककर आत्महत्या कर ली। मानवी ने भागकर पड़ोसियो को वारदात की जानकारी दी। सूचना पाकर इंस्पेक्टर दीपक



पाण्डेय पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने आरोपी पिता का शव नीचे उतारकर बेटे के शव के साथ पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस को मौके पर एक सुसाइड नोट भी मिला है। पुलिस मामले की जांच मे जुटी है। जमीन में हिस्सा न मिलने से था नाराज पैतृक जमीन में हिस्सा न मिलने से विनोद नाराज था। इसका खुलासा मौके पर मिले सुसाइड नोट से हुआ। पुलिस ने बताया कि मृतक ने सुसाइड नोट मे लिखा है कि पिता के पास करीब डेढ़ बीघा जमीन है। जिसमें करीब 8 बिस्वा उसके हिस्से मे आती है लेकिन बावजूद इसके उसे जमीन नही दी गई। आरोपी की पत्नी ने भी की थी आत्महत्या आरोपी विनोद की पत्नी राधा ने भी एक वर्ष पूर्व आत्महत्या कर ली थी। हालांकि, उसने मौत को क्यों गले लगाया इसका जवाब किसी के पास नहीं है। अमेठी चौकी इंचार्ज जयकरन भदौरिया ने बताया कि एक वर्ष पूर्व हैदरगढ़ के पास ट्रेन के आगे कूदकर उसने जान दे दी थी।

## आम आदमी पार्टी के चेयरमैन पद प्रत्याशी पर हुआ मुकदमा दर्ज

सुल्तानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : आम आदमी पार्टी के चेयरमैन पद प्रत्याशी डॉक्टर संदीप शुक्ला के खिलाफ नगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज।राज्यसभा सांसद संजय सिंह के रोड शो में बच्चों को झंडे पोस्टर देकर



प्रचार कराए जाने का मामला।जिलाधिकारी जसजीत कौर के आदेश पर एसडीम सदर व सीओ सिटी की संयुक्त टीम ने की थी जांच। घंटाघर चौकी प्रभारी मुकेश कुमार की तहरीर पर दर्ज हुआ प्रत्याशी के खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन का मुकदमा। नगर कोतवाल राम आशीष उपाध्याय बोले,साक्ष्य के आधार पर की जा रही विवेचना की कार्रवाई।

## ऑपरेशन नन्हें फरिश्ते का किया जा रहा संचालन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। यात्री सेवा में पूर्ण निष्ठा के साथ सदैव तत्पर रेलवे सुरक्षा बल, उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल द्वारा अपनाई जाने वाली विभिन्न गतिविधियों के तहत गत दिवसों में मंडल के वाराणसी जं.(कैंट) एवं अयोध्या (कैंट) स्टेशनों पर ऑपरेश नन्हें फरिश्ते एवं ऑपरेशन अमानत का संचालन करते हुए इसके तहत निम्न गतिविधियों को सफलतापूर्वक संचालित किया गया जिसका ब्यौरा निम्नवत है :– आपरेशन अमानत पिछले कुछ दिन पूर्व रेलवे हेल्प लाइन से प्राप्त सूचना के आधार पर, जिसमे उल्लेख था कि जोधपुर से सिवान तक यात्रारत एक यात्री ,जोकि गाड़ी संख्या 14864 मरुधर एक्स० से यात्रा कर रहे थे,उक्त यात्री का एक बैग स्लीपर कोच में छूट गया था । प्राप्त सूचना को संज्ञान में लेते हुए इसपर ऑन ड्यूटी रेल सुरक्षा बल द्वारा कार्यवाही करते हुए गाड़ी को बाबतपुर स्टेशन पर अटेंड करके कर बैग को अपनी सुपुर्दगी में लेकर चौकी बाबतपुर पर रखा गया तथा दिनांक 07.05.2023 को बैग के मालिक के चौकी पर आने पर पूर्ण आश्वस्त होने के उपरान्त उक्त बैग को सही सलामत मय सामान सहित उक्त यात्री के सुपुर्द किया गया। यात्री द्वारा इस कार्य हेतु रे०सु०ब० वाराणसी की भूरि–भूरि प्रशंसा की गयी। दिनांक–06.05.2023 को रे०सु०ब० पोस्ट अकबरपुर से द्वारा मैसेज प्राप्त हुआ कि किसी यात्री का गाड़ी स०–13237 न्च के कोच स० ठ–2, सीट न०–17 पर मैरून कलर का एक छोटा बैग छूट गया है । उक्त सूचना के अनुपालन में ऑन ड्यूटी कर्मचारी द्वारा गाड़ी के अयोध्या कैंट स्टेशन पर पहुँचने पर उक्त गाड़ी को अटेंड कर उक्त बैग को प्राप्त कर उसे रे०सु०ब० पोस्ट अयोध्या कैंट कार्यालय लाया गया तथा रे०सु०ब० पोस्ट अकबरपुर को नोट कराया गया । रे०सु०ब० पोस्ट अकबरपुर द्वारा इसकी सूचना बैग के मालिक को दी गयी। सूचना पाकर बैग के मालिक आज दिनांक 07.05.23 को त्व्थ् चौकी पर उपस्थित हुए तथा अपने बैग की पहचान की प्इसके उपरान्त आवश्यक कार्यवाही पूर्ण करने एवं आश्वस्त होने पर यह बैग उक्त यात्री को सही सलामत सुपुर्द किया गया । उक्त यात्री



द्वारा रे०सु०ब० के इस कार्य की भूरि–भूरि प्रशंसा की गयी। दिनांक 05.05.2023 को वाराणसी स्टाफ द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि गाड़ी संख्या 22436 वन्दे भारत एक्स० के कोच संख्या ब–7 में किसी यात्री का एक नारंगी रंग का बैग छूटा गया है। उक्त सूचना पर रे०सु०ब० स्टाफ द्वारा गाड़ी को अटेंड करके उक्त बैग को लाकर कार्यालय में सुरक्षित रखा गया तथा सम्बंधित यात्री को इसकी सूचना डी गयी । आज दिनांक 07.05.2023 को एक व्यक्ति कार्यालय में उपस्थित हुए एवं इस बैग को अपना होने की बात कही। इसके उपरान्त आवश्यक कार्यवाही पूर्ण करने तथा आश्वस्त होने के बाद उक्त बैग को सही सलामत इस यात्री क्वे सुपुर्द किया गया। यात्री द्वारा अपना सामान पाकर रे०सु०ब० वाराणसी की भूरि–भूरि प्रशंसा की गयी ।आपरेशन नन्हे फरिश्ते दिनांक 07.05.2023 को सुरक्षा नियंत्रक कक्ष से सूचना प्राप्त हुई कि गाड़ी संख्या 04059 आनन्द विहार समर स्पेशल के कोच संख्या एस–3 की सीट संख्या 44 पर दो लड़कियां संदिग्ध अवस्था में यात्रा कर रही हैं। इसपर तत्काल कार्यवाही करते हुए उक्त सूचना के आधार पर उक्त गाड़ी के वाराणसी जं.(कैंट) स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 05 पर आगमन होने पर गाड़ी को ऑन ड्यूटी स्टाफ द्वारा अटैण्ड कर उन दोनों लड़कियों को अपनी सुपुर्दगी में लेकर पोस्ट पर लाया गया तथा पूछताछ करने पर पहली लड़की ने अपना नाम सोनिया (काल्पनिक नाम) निवासी पटना एवं दूसरी लड़की ने अपना नाम मोनिका (काल्पनिक नाम) निवासी वाराणसी बताया। इस विषय में आवश्यक कार्यवाही पूर्ण कर रेल सुरक्षा बल द्वारा दोनों लड़कियों को गुड़िया, रेलवे चाइल्ड लाइन, वाराणसी को सकुशल अग्रिम कार्यवाही हेतु सुपुर्द किया गया ।

## लखनऊ में चेन लुटेरे बेखौफः लूट के दौरान छीनाझपटी में चलती बाइक से गिरकर महिला बुरी तरह हुई घायल

लखनऊ ब्यूरो : लखनऊ शहर में बाइक सवार लुटेरे बेखौफ हो चुके हैं। पांच मई को अलीगंज में पर्स लूटने की कोशिश में मां–बेटे को लहूलुहान की वारदात वाली ही रात मड़ियांव में भी मोटर साइकिल से पति संग शादी समारोह में जा रही महिला से सोने की चेन लूट ली गई। छीनाझपटी में चलती बाइक से गिरकर महिला बुरी तरह घायल हो गई। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। शनिवार को उसके पति ने मड़ियांव थाने में लूट का केस दर्ज कराया। अलीगंज के उस्मापुर निवासी पंचायती राज विभाग कर्मचारी विनोद कुमार शुक्ला के अनुसार शुक्रवार की रात वह पत्नी किरन और बेटी सौम्या के साथ बाइक से शादी समारोह में जानकीपुरम जा रहे थे। उनके पीछे बेटे अभिषेक व विशाल बाइक से थे। इस बीच मड़ियांव के पावर हाउस चौराहे के पास एक बाइक सवार पीछे से तेजी से आया और किरन की सोने की चेन छीनकर भाग निकला। बदमाश के झपट्टे से बाइक



अनियंत्रित हो गई और किरन सड़क पर गिर पड़ी। उनके हाथ, कान और गले पर चोट लगी। पीड़ित ने शोर मचाया लेकिन लोगों के पहुंचने से पहले ही लुटेरा भाग निकला। इसके बाद उन्होंने किरन को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। विनोद ने शनिवार को मड़ियांव थाने में लूट की एफआईआर कराई। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से लुटेरे की तलाश में लगी है। हालांकि, उसका अभी सुराग नहीं लगा है। वहीं, किरन की हालत अब बेहतर है।

## जेल से लौटे पति ने पत्नी पर किया हमला

सुल्तानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : वारंट पर एक माह जेल काटकर लौटे पति ने पत्नी पर किया गंडासे से जानलेवा हमला।विवाद के चलते अलग घर में रहने वाली पत्नी पर पति द्वारा धारधार हथियार पर भाग कर बचाई पत्नी ने जान। गम्भीर हालत में घायल पत्नी का जिला अस्पताल में चल रहा इलाज। पति पत्नी के बीच चल रहा तलाक का मुकदमा। कुड़वार थाना क्षेत्र के इसरौली गांव से जुड़ा मामला। प्रभारी निरीक्षक कुड़वार गौरीशंकर पाल बोले,आरोपी पति लिया गया हिरासत में। मुकदमा दर्ज कर की जा रही आवश्यक विधिक कार्रवाई।

## दुर्घटना में नागालैंड से आये एक शिक्षक की मौत : दूसरा घायल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : खुटहन थाना अंतर्गत ब्लाक मुख्यालय के बगल लोहरा की पाही पर रविवार की रात पिकअप की चपेट में आकर अपाचे बाइक सवार एक शिक्षक की मौत हो गई। बाइक पर पीछे बैठा साथी शिक्षक गंभीर रूप से घायल हो गया। पिकअप चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस दोनों को अस्पताल ले आयी। मृत शिक्षक का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। जबकि घायल साथी को जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। नागालैंड प्रदेश के ग्राम व थाना थाइपो दीमापुर गांव निवासी जॉन और उसी गांव के पिकातो सोलोरेग्मा स्थानीय राजाराम यादव पब्लिक स्कूल में बतौर शिक्षक तैनात हैं। रविवार की शाम दोनों बाइक से खुटहन बाजार में खरीदारी करने आये थे। बाइक जान चला रहा था। उक्त स्थल पर पीछे से आ रही पिकअप गाड़ी ने टक्कर मार दी। पीछे बैठा पिकातो बायीं तरफ गिरा।जबकि बाइक चला रहा जॉन दाहिनी तरफ सड़क पर गिर पड़ा। पिकअप का पहिया उसके सिर के ऊपर चढ़ गया।जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज कर चालक की तलाश में जुटी हुई है।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

अच्छी बात की चर्चा हर जगह करो, बुरी बात को समां लो।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# मुद्दों की प्राथमिकता बदलेगी पत्रकारिता

क्या हम स्थानीय स्तर पर पत्रकार बन सकते हैं, हां बन सकते हैं और ऐसी हजारों कोशिशें हुई हैं। स्थानीय और ईमानदार लोगों ने नौकरियों को छोड़कर पहले अखबार निकाले हैं और चंदे से भी निकाले हैं। अब भी समाचार वेब पोर्टल, यूट्यूब चैनल निकाले जा रहे हैं पर सत्ता संरचना इतनी बड़ी और पैसे वाली है कि ऐसे पत्रकार उसमें फिट नहीं बैठ पाते।

भारत में प्रेस की आजादी बहुत गम्भीर स्थिति में पहुंच गई है। अब देश के अन्य हिस्सों में दिल्ली से ही बता दिया जाता है कि क्या लिखना और बोलना है। अभी देश की राजनीति और जनता एक जैसे विचार रखती है, जब हमारे देश में धर्म–जाति को छोड़कर मुद्दों को प्राथमिकता मिलने लगेगी तब प्रेस भी मजबूत हो जाएगी।

पत्रकारिता की स्वतंत्रता के लिए कार्य करने वाले अंतरराष्ट्रीय गैर–लाभकारी संगठन रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स द्वारा 180 देशों में पत्रकारिता की स्थिति का विश्लेषण कर जारी की गई रिपोर्ट 'विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक 2023' में भारत 161वें पर है और भारत में प्रेस की आजादी बहुत गम्भीर स्थिति में पहुंच गई है। रिपोर्ट में बताया गया है कि 1 जनवरी 2023 से अब तक भारत में एक पत्रकार को मार दिया गया, यह हत्या महाराष्ट्र में हुई।

रिपोर्ट में कुलीन वर्गों द्वारा मीडिया अधिग्रहण को भारत में प्रेस की स्वतंत्रता समाप्त होने की मुख्य वजह बताया गया है।

बी मुगन्धन और सी रेनुगा के भारत में प्रेस की स्वतंत्रता पर लिखे एक रिसर्च पेपर में भारतीय प्रेस के लिए सुझाव देते हुए लिखा है कि समाचार पत्र के सम्पादकों में खबर छापने को लेकर दबाव न हो इसके लिए समाचार पत्रों में उनके पूंजीपति मालिकों का दबाव कम करना होगा। साथ ही स्वतंत्र, नए और छोटे समाचार पत्रों को जमाने के लिए भी जरूरी कदम उठाने की आवश्यकता बताई गई है। इन सब सुझावों पर काम करना जरूरी बताया गया है क्योंकि स्वतंत्रता के बाद से राज्य प्रेस की स्वतंत्रता के लिए सबसे संभावित खतरे का स्रोत बना हुआ है।

अब दिल्ली से तय होने लगी हैं खबरें

इस अप्रैल उत्तराखंड के चमियाला में आयोजित 31वें उमेश डोभाल स्मृति समारोह में प्रेस की स्वतंत्रता पर वरिष्ठ पत्रकार शंकर सिंह भाटिया ने कहा था कि जब मैं पीछे मुड़कर देखता हूं तो मैंने बीस–पच्चीस साल पत्रकारिता की है, मैंने साल 2000 से पहले और आज की पत्रकारिता भी देखी है।

पहले सारी खबरें रिपोर्टर ही तय किया करते थे और आज दिल्ली से ही बता दिया जाता है कि खबर कैसे लिखनी है। आठ साल पहले मैंने अखबार की नौकरी छोड़ दी थी क्योंकि मुझे लग गया था कि अब हम इस माहौल में काम नहीं कर पाएंगे। आज मीडिया की हालत बहुत खराब है, स्वतंत्रता से लिखना सम्भव नहीं हो पा रहा है।

इसी समारोह में एक स्थानीय व्यक्ति का कहना था कि हमारी खबरें कोई नहीं दिखाता। पहाड़ों में रोजगार, पानी की कमी, लचर स्वास्थ्य व्यवस्था जैसी खबरें मीडिया में कभी नहीं छाती हैं। टीवी चौनलों और अखबारों में अधिकतर वह खबरें ही दिखाई जाती हैं, जिनका हमसे कोई मतलब नहीं होता।

इसके बाद मुझे जब मंच में अपने विचार रखने का मौका मिला तो मैंने उस स्थानीय व्यक्ति का उत्तर देते हुए कहा था कि देहरादून, दिल्ली बैठे व्यक्ति को आपकी खबरों से क्या मतलब होगा। आप ग्रामवासियों को अपने पैसे से अपने पत्रकार बनाने चाहिए, जो प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के साथ सोशल मीडिया के इस युग में आपकी बात सही तरीके से दुनिया तक पहुंचाएं। उस पत्रकार पर किसी संस्थान का दबाव नही होगा और उसकी लिखने की स्वतंत्रता भी समाप्त नहीं होगी।

स्थानीय पत्रकारिता हमेशा से रही है उपेक्षित

प्रेस की स्वतंत्रता से क्षेत्रीय पत्रकारिता पर पड़ रहे असर पर नोएडा में रहने वाले प्रिंट मीडिया के वरिष्ठ पत्रकार सारंग उपाध्याय कहते हैं कि क्षेत्रीय पत्रकारिता पहले से ही उपेक्षित रही है। दिल्ली को छींक आ जाए तो देश को जुकाम और बुखार हो जाता है लेकिन ग्राम, देहात और बाकी देश, मीडिया में हैं ही नहीं। यही नहीं अब तो मुम्बई सहित देश के कई बड़े महानगर भी राष्ट्रीय मीडिया से बाहर होते जा रहे हैं।

प्रेस की स्वतंत्रता, स्थानीय पत्रकारिता और इसकी मजबूती पर 'जनज्वार' समाचार वेब पोर्टल के सम्पादक अजय प्रकाश से बात की गई तो उन्होंने बताया कि स्थानीय पत्रकारिता हमेशा से हाशिए पर ही रही है। उसकी वजह यह है कि स्थानीय समाज से ही देश चलता है।

देश में नीतियों का अमल होना या न होना, इसकी सच्चाई गांव और उसके आसपास के इलाकों से ही पता चलती है। जब दिल्ली या राज्यों की राजधानियों से सरकारें घोषणा करती हैं कि हम इतने लाख करोड़ की योजनाएं लाए हैं, तब उनका सच हर रोज सौ या पचास रुपये में जीने वालों के जरिए उजागर होता है।

जब भ्र्ष्टाचार थोड़ा कम था तब भी कहा जाता था कि विकास के लिए आने वाले एक रुपये में अस्सी पैसा रास्ते में रह जाता है। अब तो कमीशनखोरी बहुत बढ़ गई है। कर्नाटक में चुनाव हो रहा है, वहां कहा जाता है चालीस फीसदी की सरकार। मतलब कोई भी काम कराना है तो चालीस फीसदी सरकार लेगी।

सच दिखाने वाले दबा दिए जाते हैं

अब सवाल यह है कि इनका सच बताना, जाहिर तौर पर वह पत्रकार ही बताएगा। स्थानीय पत्रकार इतना कमजोर होता है कि उसको सिस्टम में जगह तब मिलेगी जब वह सत्ता में बैठे लोगों या बड़े पदों में बैठे लोगों की जी हजूरी करेगा, उनके पक्ष में खबरें छपेगा। मेरे दो दशक के पत्रकारिता अनुभव बताते हैं कि जिन भी पत्रकारों ने स्थानीय स्तर पर सही और सच मुद्दे उठाने की कोशिश की, उन्हें दबाया ही गया है। इसीलिए ऐसा होता है कि जब स्थानीय पत्रकार बड़ा मुद्दा उठाते हैं, उन्हें कोई नहीं पूछता पर दिल्ली बैठा पत्रकार जब उसी मुद्दे को उठाता है तो वह बड़ा मुद्दा बन जाता है।

क्या हम स्थानीय स्तर पर पत्रकार बन सकते हैं, हां बन सकते हैं और ऐसी हजारों कोशिशें हुई हैं। स्थानीय और ईमानदार लोगों ने नौकरियों को छोड़कर पहले अखबार निकाले हैं और चंदे से भी निकाले हैं। अब भी समाचार वेब पोर्टल, यूट्यूब चौनल निकाले जा रहे हैं पर सत्ता संरचना इतनी बड़ी और पैसे वाली है कि ऐसे पत्रकार उसमें फिट नहीं बैठ पाते।

इसका उपाय क्या है इस पर भी सोचना चाहिए। देश की राजनीति जैसी चलती है, वहां की जनता वैसी होता है। अगर राजनीति भ्रष्ट है, तो जनता भी भ्रष्ट होगी। इसलिए लोग स्थानीय राजनीति में भी मुद्दों पर कभी वोट नहीं देते। मुद्दों वाली पत्रकारिता इसलिए हाशिए पर है और वह तब तक हाशिए पर रहेगी जब तक राजनीति में मुद्दों को प्राथमिकता नहीं दी जाएगी।

आप देखते हैं स्थानीय स्तर पर वही युट्यूबर सफल हैं, जो राजनीति से जुड़ी खबरों को नहीं छूते या सत्ता या विपक्ष किसी एक से जुड़ी खबरें दिखाते हैं। वह पत्रकार नहीं पार्टी प्रवक्ता होते हैं और दिल्ली से देहात तक यही स्थिति है।

अगर इस देश में राजनीति, धर्म–जाति के नाम पर होगी। चाहे वह पक्ष द्वारा हो या विपक्ष के द्वारा, तो पत्रकारिता भी इसी के आसपास होगी। मेरा मानना है कि यह इस देश का बदलाव का दौर है, अभी इसमें एक दशक लगेगा। इसके बाद ही पत्रकारिता मजबूत होगी।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## 18 और 19 मई को इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान के सभागार मार्श में होगी दो दिवसीय अभिमुखीकरण कार्यशाला

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। माध्यमिक स्तर के तीन मुख्य विषयों के प्रभावी शिक्षण के लिए एस सी ई आर टी द्वारा आगामी 18 व 19 मई को दो दिवसीय अभिमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में किया जाएगा। जे डी माध्यमिक लखनऊ कार्यालय के मण्डलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी ने बताया कि शिक्षा निदेशक माध्यमिक डॉ0महेंद्र देव द्वारा प्रदेश के सभी जिला विद्यालय निरीक्षकों को अपने अपने सह जिला विद्यालय निरीक्षकों के साथ उपरोक्त कार्यशाला में उपस्थित रहने के निर्देश जारी करने के साथ साथ उनके जनपदों से चयनित विज्ञान,गणित व अंग्रेजी के एस0आर0जी0 (स्टेट रिसोर्स ग्रुप) शिक्षक/शिक्षिकाओं की सूची भी संलग्न की गई है। इस कार्यशाला से प्रशिक्षण प्राप्त कर एस0आर0जी0 शिक्षक अपने अपने जनपदों में उक्त विषयों के प्रभावी शिक्षण को अमल में लाने के लिए अन्य शिक्षक शिक्षिकाओं को प्रभावी शिक्षण का हुनर सिखाएंगे। डॉ0दिनेश कुमार ने बताया कि उपरोक्त कार्यशाला का उद्घाटन मंत्री माध्यमिक शिक्षा गुलाब देवी के करकमलों द्वारा अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार व महानिदेशक स्कूल शिक्षा विजय किरण आनन्द की गरिमामई उपस्थिति में किया जाएगा डॉ0दिनेश कुमार ने बताया कि जे डी माध्यमिक लखनऊ मण्डल सुरेन्द्र कुमार तिवारी द्वारा लखनऊ मण्डल के सभी जिला विद्यालय निरीक्षकों,सह जिला विद्यालय निरीक्षकों को उक्त कार्यशाला में अपने जनपद से चयनित किये गए तीनो विषयों के एस0आर0जी0 शिक्षकों की शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करवाने के लिए भी निर्देशित किया है। लखनऊ मण्डल के 6 जनपदों से विज्ञान ,गणित व अंग्रेजी विषय के एस0आर0जी0 शिक्षक–शिक्षिकाओं की सूची निम्नलिखित है '–जनपद लखनऊ' 'विज्ञान एस0आर0जी0' आयुष्मान स0अ0 राजकीय हाईस्कूल बघौली कु0निशा प्रवक्ता जी जी आई सी विकास नगर 'गणित एस आर जी' विश्व प्रकाश मौर्य प्रवक्ता जी आई सी निशातगंज पूनम मिश्रा स0अ0 रा0हा0खंतारी बी के टी 'अंग्रेजी एस आर जी' प्रियंका सिंह स0अ0 जी जी आई सी विकास नगर नेहा रस्तोगी स0अ0 प0दी0उपा0राजकीय मॉडल इण्टर कॉलेज थावर लखनऊ 'हरदोई' 'विज्ञान एस0आर0जी0' राजीव कुमार मिश्रा स0अ0 जी0आई सी हरदोई पंकज कुमार मिश्रा स0अ0 जी0आई0सी0 हरदोई 'गणित एस आर जी' कुलदीप कुमार स0अ0 जी एच एस सँगैचामउ सांडी हरदोई चन्द्र शेखर स0अ0 जी एच एस अगमपुर हरदोई 'अंग्रेजी एस आर जी' गौरव कुमार त्रिपाठी स0अ0 रा0हा0दुर्गागंज अर्जुन प्रसाद यादव स0अ0 रा0हा0जामू हरदोई 'सीतापुर' 'विज्ञान एस0आर0जी0' वन्दना तिवारी प्रवक्ता जी जी आई सी सीतापुर दीपा रावत स0अ0 जी जी आई सी महोली 'गणित एस आर जी' अभिषेक वर्मा स0अ0 प0दी0 उपा0राजकीय मॉडल इण्टर कॉलेज जुदौरा पचदेवरा चौबेपुर महमूदाबाद संजीत सिंह स0अ0 राजकीय हाईस्कूल सिरकिड़ा 'अंग्रेजी एस आर जी' ज्ञानेंद्र प्रकाश स0अ0 प0दी0उपा0रा0 मा0ई0का0 सहरानानकारी राजकमल सिंह रा0हा0 भिटकुरा 'रायबरेली' 'विज्ञान एस0आर0जी0' डॉ0 हरिओम त्रिपाठी प्रवक्ता जी आई सी रायबरेली अशोक कुमार यादव प्रवक्ता जी आई सी रायबरेली 'गणित एस आर जी' श्रवण कुमार पाण्डेय स0अ0 प0दी0उपा0राजकीय मॉडल इण्टर कॉलेज कुँवरमऊ रायबरेली आशीष यादव स0अ0 राजकीय हाईस्कूल तामसगढ़ रायबरेली 'अंग्रेजी एस आर जी' अर्चना मिश्रा स0अ0 प0दी0उपा0राजकीय मॉडल इण्टर कॉलेज पाराकला रायबरेली अजय कुमार मौर्या स0अ0 प0दी0उपा0राजकीय मॉडल इण्टर कॉलेज बसाढ़ रायबरेली 'उन्नाव' 'विज्ञान एस0आर0जी0' श्रीमती मांडवी स0अ0 राजकीय हाईस्कूल पारा उन्नाव पूजा पाण्डेय स0अ0 जी जी आई सी नवाबगंज 'गणित एस आर जी' श्री श्यामजी त्रिपाठी स0अ0 राजकीय हाईस्कूल अल्दौ उन्नाव अनुप्रिया तिवारी स0अ0 राजकीय हाईस्कूल बनीगांव उन्नाव 'अंग्रेजी एस आर जी' अंकित ओझा स0अ0 रा0बा0हा0मवई उन्नाव रुचि चौहान स0अ0 रा0बा0हा0पारा उन्नाव 'लखीमपुर खीरी' 'विज्ञान एस0आर0जी0' धर्मचन्द राठौर स0अ0,रा0हा0मोहम्दाबाद कुम्भी गोला खीरी हरिशंकर स0अ0 रा0हा0तिकोनाफार्म पलिया खीरी 'गणित एस आर जी' श्यातनाथ टण्डन स0अ0 राजकीय हाईस्कूल कटकुसुमा नकहा खीरी वसीम अहमद स0अ0 राजकीय हाईस्कूल कुकरा बांकेगंज खीरी 'अंग्रेजी एस आर जी' वीरेन्द्र कुमार स0अ0 रा0हा0रमियाबेहड़ खीरी विष्णू शंकर बाजपेयी स0अ0 रा0 हा0 चुरई पुरवा मितौली खीरी, डॉ0दिनेश कुमार मण्डलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी लखनऊ मंडल ने कहा कि समय समय पर ऐसे अभिमुखीकरण कार्यशाला से माध्यमिक स्तर के शासकीय विद्यालयों में पठन पाठन का आकर्षक वातावरण बनेगा, फलस्वरूप छात्रसँख्या में भी वृद्धि होगी।

## प्रो. (डॉ.) मोहम्मद वसी बेग ने हैदराबाद में शैक्षणिक उत्कृष्ठता का प्राप्त किया पोलीमैथ पुरस्कार

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : ए.आई.सी.पी. ई.आर. टी के अध्यक्ष और सनराइज यूनिवर्सिटी के विजिटिंग प्रोफेसर, प्रो. (डॉ.) मोहम्मद वसी बेग ने नोवेटेल हाईटेक्स होटल हैदराबाद में इनोवेक्सिया इंटरनेशनल द्वारा आयोजित अकादमिक उत्कृष्टता का पोलीमैथ पुरस्कार प्राप्त किया। भारतीय प्रतिष्ठित पुरस्कार समारोह में देश भर से 40 से अधिक पुरस्कार विजेता उपस्थित थे। संबंधित पुरस्कार विजेता टॉलीवुड, बॉलीवुड, शिक्षा, पत्रकारिता, उद्योग, उद्यमी, नर्तक, संगीतकार, मानवाधिकार कार्यकर्ता, कवि, लेखक आदि थे।प्रो. (डॉ.) मोहम्मद वसी बेग ने सुश्री गीतांजलि और आयोजकों को धन्यवाद किया। डॉ. बेग ने यह पुरस्कार अपनी बेटी रुमाइसा बिंते वसी को समर्पित किया। अपने भाषण में डॉ. बेग ने कहा कि विविधता किसी भी देश, संगठन और संस्थान के विकास के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। डॉ. बेग ने कहा कि कोई भी देश, संगठन, संस्थान एक बगीचे की तरह होता है। एक बगीचे में विभिन्न प्रकार के फूल मौजूद होते हैं जो बगीचे को और अधिक सुंदर बनाते




हैं। इसी तरह हमारे देश के हर विभाग में अलग–अलग धर्म, जाति, पंथ, राज्य, शहर, गांव, लिंग के लोग होने चाहिए। । उन्होंने सुश्री गीतांजलि को इस शानदार आयोजन और प्रयासों के लिए धन्यवाद दिया। डॉ. बेग ने अपने भाषण के दौरान अपने स्वयं के दोहे साझा किए और उनकी कविता को अतिथि और दर्शकों द्वारा बहुत सराहा गया। पुरस्कार समारोह में मुख्य अतिथि सुश्री रश्मी ठाकुर, मिस एशिया इंटरनेशनल रहीं। सम्मानित अतिथि मुरारी अकुनुरी (आई.ए.एस), इप्पापल्ली रमेश (उद्यमी) और शेख रफी (उद्योगपति) थे। कार्यक्रम के एंकर पॉल प्रवीण थे, रैंप वॉक के साथ कार्यक्रम का समापन हाई टी के साथ हुआ।

## खेलकूद है स्वास्थ्य का मूल : इनमें भाग लेकर बनाओ जीवन अनुकूल

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : आज डाल सिंह मेमोरियल स्कूल में खेलकूद का आयोजन किया गया तथा जीवन में खेल का महत्व उद्देश्य के विषय में बच्चों को जानकारी दी गई। इसके अलावा केक काटकर वर्ल्ड एथलेटिक्स डे मनाया गया। वर्ल्ड एथलेटिक डे का उद्देश्य लोगों को खेल के फायदों के बारे में जागरूक करना है जो उन्हें फिजिकल फिटनेस टीम व सामान्य और खेल के महत्वपूर्ण मूल्यों के साथ–साथ सोशल स्किल्स को बढ़ने में मदद करते हैं तथा इसके माध्यम से लोग खेल के महत्व को समझते हैं और खेल और एथलेटिक्स के लिए उत्साह और प्रेरणा प्रदान करते हैं। वर्ल्ड एथलेटिक्स डे मनाने का उद्देश्य की शारीरिक रूप से फिट रहने का सबसे आसान तरीका है इस समस्या को अप्रत्यक्ष रूप से दिशा देने या कहना चाहिए हल करने का उद्देश्य छिपा है। इसके माध्यम से एथलेटिक्स में युवाओं की भागीदारी को बढ़ावा देने और लोगों की फिटनेस के लिए जागरूक करना है। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने विभिन्न प्रकार के खेलों में अपनी भागीदारी दी जिसमें बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। बच्चों के द्वारा खेले गए विभिन्न खेलों में कबड्डी ,खो–खो, म्यूजिकल चेयर, रस्साकशी, आदि खेलों के द्वारा बच्चों में खेल के प्रति उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय संस्थापक/व्यवस्थापक अखिलेश सिंह ने बच्चों को बताया कि किस प्रकार हमारे भारत में अनेक प्रतिभाशाली भारतीय




एथलीट जैसे मीराबाई चानू, नीरज चोपड़ा, हिमा दास, पीवी सिंधु, विश्वनाथ महादेवन, आदि ने अपने देश का नाम रोशन किया उसी प्रकार आप सभी भी अपने देश का नाम तथा अपने माता–पिता का नाम रोशन करें। विद्यालय के प्रबंधक मुकेश सिंह ने बच्चों के बीच खेल का आयोजन कराया और एथलेटिक डे पर केक काटकर मनाया गया तथा बच्चों को बताया कि प्रतिदिन एक्सरसाइज करें और जो बच्चे खेल के प्रति प्रतिभा साली है उनको खेल जगत में आगे बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिका कविता गुप्ता , विनीता शुक्ला ,मंशा बाजपेई,अर्पिता सिंह, प्रिया सिंह ,रेखा रानी, सोनम शुक्ला ,बीना गुप्ता ,प्रज्ञा तिवारी, सोनी तिवारी,शिक्षक रामप्रकाश पांडे, अशोक कुमार गुप्ता, उदय शुक्ला, संजय गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## दिल्ली अल्पसंख्यक आयोग मे बुद्ध पूर्णिमा पर हुआ सेमिनार –खोसला

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय नई दिल्ली। दिल्ली अल्पसंख्यक आयोग के चेयरमैन जाकिर खान की अध्यक्षता में बुध पूर्णिमा पर थॉट एंड स्पीच ऑफ लॉर्ड गौतम बुद्धा पर सेमिनार का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि कोंडली के विधायक कुलदीप कुमार रहे इस कार्यक्रम मे सभी धर्मो के सदस्यों ने हिस्सा लिया विधायक कुलदीप कुमार जी ने बाबा साहेब डा भीम राव अंबेडकर को याद किया और लॉर्ड गौतम बौद्ध की जीवनी पर प्रकाश डाला बौद्ध धर्म की पहचान मानव मानव एक समान दिल्ली अल्पसंख्यक आयोग के चेयरमैन जाकिर खान ने भी बौद्ध धर्म को शांति का प्रतीत बताया। इस कार्यक्रम मे नैंसी बार्लो मेम्बर दिल्ली अल्पसंख्यक आयोग भीम ब्रिगेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव जोली खोसला को आयोग की ओर से मंच संचालन करना का आदेश हुआ खोसला ने बताया कि बाबा भीमराव अंबेडकर साहब ने किस प्रकार शिक्षित बनो, संघर्ष करो और संगठित रहो का पैगाम पूरे विश्व में दिया आज पूरे संसार में सभी युद्ध नहीं बुद्ध चाहिए का नारा बुलंद करते हैं खोसला ने कहा कि आयोग के चेयरमैन जाकिर खान साहब की और से सद्भावना विश्व शांति आपसी समझौते गए कार्यक्रम समय–समय पर




होते रहते हैं वह गरम दल क्रांतिकारी वीरों को नमन भी किया जाता है आवाज की जादूगरनी साक्षी कुमारी ने भी राष्ट्रभक्ति का गीत गाया विधायक साहब ने भी उसकी खूब प्रशंसा की !कई संस्थाओं से मातृशक्ति भी उपस्थित थी। भंते धर्म ज्योति जी ,ज्योतिषाचार्य महेश कुमार जैन ,शंकर लाल बौद्ध, सूरज पाल गौतम, एम. बी.गौतम, मो इदरीस सैफी, नूर मोहम्मद, रविंदर सिंह सबरवाल, गीता अरोड़ा अवंतिका शर्मा कमलजीत कौर के साथ कई गण माननीय व्यक्तियों ने हिस्सा लिया।

## लखनऊ पब्लिक स्कूल्स एंड कॉलेजेज के प्रतिनिधिमंडल का फिनलैंड में शैक्षिक भ्रमण

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। संस्थापक– महाप्रबंधक डॉ. एस. पी. सिंह के नेतृत्व में लखनऊ पब्लिक स्कूल्स एंड कॉलेजेज के निदेशक हर्षित सिंह व नेहा सिंह एवं डिप्टी डायरेक्टर मीना टांगड़ी के अतिरिक्त सभी शाखाओं की प्रिंसिपल्स – नीलम सिंह, मीना तिवारी, डॉ रूपाली पटेल, अनिता चौधरी, विजय सचदेवा, के. के. शर्मा, कहकशां अरबी, भारती गोसाईं, डॉ ऋतु सिंह एवं नवनीत कौर शैक्षिक भ्रमण पर 1 मई 2023 को एक सप्ताह के लिए हेलसिंकी पहुंचे । हेलसिंकी में शिक्षाविदों से संवाद स्थापित किया एवं विभिन्न स्कूलों एवं उच्च शिक्षण संस्थाओं में भ्रमण कर वहां की शिक्षा, शिक्षण–पद्धति, इंफ्रास्ट्रक्चर, खेलकूद, संगीत, कला, पाठ–सहगामी क्रियाओं, व्यवसायिक शिक्षा (वोकेशनल एजुकेशन) आदि की विधिवत जानकारी ली । बच्चों की पढ़ाई में पाठ दोहराने के तरीकों से लेकर आनंद से पढ़ाई करने के तरीके कैसे सिखाए जाते हैं तथा क्लासरूम शिक्षण के अलावा और कौन–कौन से तरीके हैं जिससे बच्चों की पढ़ाई बहुत बेहतर ढंग से की जा सके आदि का अध्ययन किया । अंतरराष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्रीय शैक्षिक प्रणालियों की तुलना में फिनलैंड का स्थान बहुत ऊपर है ।यहां तक की फिनलैंड की शिक्षा को विश्व




आर्थिक मंच द्वारा पहले स्थान पर रखा गया है । शिक्षा प्रणाली इस बात का समर्थन करती है कि हर बच्चे के पास समाज को अपना योगदान देने के लिए कुछ ना कुछ जरूर है । इन बिन्दुओं के आधार पर एलपीएस प्रतिनिधिमंडल ने यह भी जानकारी ली कि फिनलैंड में किस तरह के पायलट प्रोजेक्ट शुरू किए गए हैं कि कैसे उन विद्यार्थियों की विशेष सहायता की जाए जो कुछ क्षेत्रों में बहुत अधिक प्रतिभाशाली हैं । प्रतिनिधिमंडल ने सोमेनलीना आईलैंड एवं अन्य दर्शनीय स्थलों का भ्रमण भी किया। यह प्रतिनिधिमंडल 7 मई 2023 को नई दिल्ली वापस लौटा।

## सभी को बोलने का अधिकार पर भंग न हो समाज की अक्षुण्ता

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। विश्व संवाद केन्द्र जियामऊ के अधीश सभागार में पत्रकारिता संवाद का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सर्वोच्च न्यायालय दिल्ली के अधिवक्ता डी. के.दुबे ने कहा कि सत्य को समाज के सामने उजागर करना पत्रकारिता का धर्म है। देशहित में पत्रकारिता होनी चाहिए और पत्रकारों को लोकनीति के पक्ष में लिखना चाहिए। डी.के.दुबे ने कहा कि मीडिया को राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम सभी को बोलने का समान संवैधानिक अधिकार है लेकिन हम वह न बोलें जिससे समाज की अक्षुण्ता भंग न हो। हम समाज के सामने वही चीजें प्रस्तुत करें जिससे हमारी सम्प्रभुता बरकरार रहे। उन्होंने कहा कि अगर हम तटस्थ हो गये तो राष्ट्रविरोधी शक्तियां बलवती होंगी। अगर हम पत्रकारिता के व्यवसायीकरण की बात करते हैं तो भी पत्रकारों की जिम्मेदारी है कि हम इतिहास के उन पन्नों को खोलें जहां से देश का अहित हो रहा है। उन्होंने कहा कि हमारा मूल आधार यह है कि जिससे लोक नीति का पालन हो, हमारा उद्देश्य एक होना चाहिये की देश का एकीकरण कैसे होगा? तमाम भिन्नताओं में हम एका कैसे करें? अगर हम ऐसा नहीं करते हैं तो हम देवर्षि नारद का अनुपालन नहीं करते हैं। बीज वक्तव्य देते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के सह क्षेत्र प्रचार प्रमुख मनोजकान्त ने कहा कि पत्रकार को संस्कृति एवं मूल्यों के प्रति आस्थावान होना चाहिए। देवर्षि नारद का कार्यक्षेत्र पूरा ब्रह्ममांड था। देवर्षि नारद सत्य के आग्रही थे। उनमें सत्य को कहने का साहस था। सत्य के आधार पर लोककल्याण के लिए वह सूचनाओं को आदान प्रदान करते थे। वह उन्हीं सूचनाओं को महत्व देते थे जिनसे लोक हित जुड़ा होता था। मनोजकान्त ने कहा कि पत्रकार को सत्ता के विरूद्ध अपनी बात



विनम्रता से कहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पत्रकारों में तीन बातें होनी चाहिए। पत्रकारों को मोहमुक्त होना चाहिए। दूसरा आध्यात्मिक चेतना का जागरण उसकी कृतियों में दिखना चाहिए। संस्कृति व मूल्यों के प्रति आस्थावान व विनम्र होना चाहिए। चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में कहीं प्रवेश कर पाना यह नारद जी की विशेषता थी, वह तर्क पूर्ण तरीके से कठिन विषयों को सरलता से प्रस्तुत करके थे, उनके सभी संवादों में तर्क होता था जिससे वह समाधान निकालते थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ के कुलपति प्रो. एन.बी.सिंह ने कहा कि देशहित समाजहित व लोकहित में पत्रकारिता करनी चाहिए। मीडिया को सत्य पर आधारित खबरें ही दिखानी चाहिए। एन बी सिंह ने कहा कि लोक कल्याण को ध्यान में रखते हुए सत्य सूचनाओं को समाज में पहुंचाने का काम करें, जिसमें सर्व समाज का हित जुड़ा हो। उन्होंने कहा कि चाणक्य ने भी अपनी पुस्तक में लिखा है कि, वह समाज हमेशा सुरक्षित रहेगा जहाँ सही सूचनाओं का आदान–प्रदान होता है। इस अवसर पर एक पत्रिका का भी विमोचन किया गया। कार्यक्रम का संचालन विश्व संवाद केन्द्र के सचिव अशोक सिन्हा ने किया। आभार ज्ञापन विश्व संवाद केन्द्र के अध्यक्ष नरेन्द्र भदौरिया ने किया। अतिथियों का परिचय स्वयंसेवक संघ अवध प्रान्त के प्रान्त प्रचार प्रमुख डॉ अशोक दुबे ने दिया। सभी अतिथियों को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अवध प्रान्त के प्रान्त समरता विभाग प्रमुख राजकिशोर, डॉ. लोकनाथ, डॉ. सचीन्द्र सह प्रान्त प्रचार प्रमुख, डॉ उमेश विश्व संवाद केन्द्र प्रमुख, सर्वेश द्विवेद्वी राष्ट्रधर्म के प्रभारी निदेशक सहित अन्य सम्मानित लोग उपस्थित थे।

## जाना था बक्सर पहुंच गई बक्सा : दवा लेने आई महिला को बक्सर की जगह बस वालों ने जौनपुर के बक्सा में छोड़ा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मछलीशहर थाना अंतर्गत बीएचयू इलाज के लिए आयी महिला कल शनिवार को शाम दवा लेकर बीएचयू हॉस्पिटल से जब बाहर आई तो बस वालों को उसने बताया कि हमें बक्सर जाना है लेकिन प्राइवेट बस संचालकों ने बक्सर को न समझ कर बक्सा समझ गए । और उसको लाकर जौनपुर जिले के बक्सा बाजार में छोड़ दिए। जब महिला रात में बस से नीचे उतरी दो उसने अपने गांव का नाम बताया तो लोग बताएं यह बिहार नहीं जौनपुर है । जानकारी के अनुसार महिला का नाम मीना है जिसकी उम्र लगभग 50 साल है वह बिहार राज्य के बक्सर जिले के इटारी थाना क्षेत्र के मितिहारा गांव की निवासी है । रात में ही किसी ने उसे तेजी बाजार छोड़ दिया। तेजी बाजार से होते हुए आज सुबह 10:00 बजे बरईपार बाजार में पहुंच गई । बरईपार बाजार में लोगों ने डायल 112 को फोन करके मौके पर बुलाया । डायल 112 आने के बाद महिला ने अपने घर का नंबर दिया ।उसके बाद परिवारजनों से बात होने के बाद पुलिस उसको सकुशल घर पहुंचाने के लिए बदलापुर से बस पर बिठाया । बस वालों की गलती की वजह से एक महिला रात भर भटकती रही यह तो संजोग ही था कि कोई अनहोनी नहीं हुई बाजार वालों ने चंदा लगाकर उसको किराए का इंतजाम किया । और बक्सर के लिए रवाना किया।

## देशी नुस्खा की जड़ी बूटी के इस्तेमाल से महिला व युवती की गई जान

जौनपुर खुटहन थाना अंतर्गत मेढ़ा गांव में पखवाड़ा पूर्व से बुखार से पीड़ित चल रही महिला और पड़ोस की युवती ने शनिवार की शाम गांव के ही किसी नीम हकीम के द्वारा बताए गए देशी नुस्खा की जड़ी बूटी का इस्तेमाल कर लेने से दोनों की मौत हो गई। अस्पताल से ही दोनों शव अंत्य परीक्षण हेतु भेज दिया गया। खबर लिखे जाने तक घटना की सूचना थाने पर नहीं दी गई है। गांव निवासी 52 वर्षीय शारदा देवी पत्नी अमरजीत गौतम व इनकी पड़ोसी 22 वर्षीय कुमकुम पुत्री राधेश्याम गौतम दोनों लगभग एक पखवाड़ा से बुखार रोग से पीड़ित चल रही थी। झोलाछाप चिकित्सकों से दवा ले रही थी। लेकिन उन्हे आराम नहीं हो पा रहा था। शनिवार को गांव के ही किसी नीम हकीम ने उन्हें चिरैता व अन्य देशी औषधि उबालकर पीने की सलाह दी। शारदा देवी बाजार से बतायी औषधि को खरीद कर घर लायी। उसे उबालने के बाद वह पीने बैठी थी पड़ोसी कुमकुम भी वहां पहुंच गयी। उसने भी बुखार आने की बात कही। दोनों ने उबली औषधि का पानी एक एक ग्लास पी लिया। थोड़ी देर बाद उनकी हालत बिगड़ने लगी। स्वजन उपचार हेतु दोनों को सीएचसी बदलापुर ले गए। जहां हालत गंभीर देख उन्हें जिला चिकित्सालय भेज दिया गया। जहां उपचार के दौरान दोनों की मौत हो गई। अस्पताल से ही दोनों शव पीएम हेतु भेज दिया गया।

## बच्ची के साथ हुआ रेप : हालत गंभीर जिला अस्पताल रेफर

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सुजानगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में बीती रात फत्तुपुर से बारात आई थी।बारात में काम करने आई अपनी दादी के साथ एक पाच वर्षीय बच्ची के साथ अज्ञात व्यक्ति ने बलात्कार किया।बच्ची को लेकर सामुदायिक स्वास्थ केंद्र सुजानगंज ले गए जहा से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार क्षेत्र के एक गांव में शनिवार को फत्तूपुर से बारात आई थी।इसी बारात में गांव के ही वनवासी जनजाति की महिला अपने घर की बच्चियों को लेकर आई थी।देर रात जब नाश्ता की शुरुवात हुई तो किसी ने उस वनवासी महिला के साथ आई पाच वर्षीय बच्ची को बहका फुसलाकर अपने साथ लेकर गया और उसके साथ बलात्कार किया।बच्ची के साथ गए बच्चो ने कहा की एक युवक चाउमिन खिलाने के लिए कहकर हम सबको अपने साथ लिवा गया।फिर हम लोगो को चाउमिन दिलवाकर बच्ची को टेंट के पीछे लेकर चला गया। काफी देर तक जब वह नही आई तो उसने इसकी सूचना महिला( पीड़िता की दादी) को दिया।महिला ने भी काफी देर तक खोजा तभी वह खून से लथपथ बच्ची आई ।सबलोग उसे देखकर घबरा गए और इसकी सूचना पुलिस को दी तथा पीड़िता को लेकर सामुदायिक स्वास्थ केंद्र सुजानगंज पहुंचे जहा उसके हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।थानाध्यक्ष घनश्याम शुक्ल ने बताया की पीड़िता की माता के तरफ से अज्ञात के खिलाफ तहरीर प्राप्त हुई है।मौके पर उच्च अधिकारी भी पहुंचे है और पुलिस अपने तरीके से जांच कर रही है।

## एटीएम कार्ड बदलकर इकतीस हजार रूपए निकाले : सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से जांच में जुटी पुलिस

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के मनिहा गोविंदपुर गांव निवासी एक व्यक्ति का एटीएम कार्ड बदलकर उसके खाते से शनिवार को उचक्को ने 31 हजार रुपए निकाल लिए। भुक्तभोगी ने घटना की सूचना थाने में दे दी है। पुलिस देर रात तक जांच में जुटी रही। गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के मनिहा गोविंदपुर निवासी दशरथ राम गौराबादशाहपुर पुलिस चौकी के बगल में स्थित एसिक्स बैंक के एटीएम से शनिवार की शाम को पैसे निकालने गया था। इसी दौरान स्कूटी सवार पहुंचे एक युवक ने सर्वर स्लो होने का बहाना बताकर मदद करने के बहाने उसका एटीएम कार्ड बदल दिया। दशरथ राम के वहां से चले जाने के बाद उसने उसके खाते से इकतीस हजार रुपए निकाल लिए। घटना की सूचना व्यक्ति ने पुलिस चौकी गौराबादशाहपुर पहुचकर लिखित तहरीर देते हुए दिया। पुलिस चौकी में ठीक बगल में हुई इस घटना से अपराधियों पर अंकुश न लगा पाने में विफल पुलिस को लेकर लोगों के मन में आक्रोश व्याप्त है। इस मामले में पूछे जाने पर चौकी प्रभारी गौरा कस्बा राम जी सैनी ने बताया कि तहरीर मिली है। सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से तलाश की जा रही है। हालांकि अभी तक कुछ भी पता नही चल सका है।

## प्रीति शुक्ला ने दुबई में किया देश का नाम रोशन : मिला इस साल का सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री अवॉर्ड

मुंबई ब्यूरो : कभी लखनऊ से सिर्फ हजार रुपये लेकर घर से निकली प्रीति शुक्ला अब टेलीविजन और भोजपुरी सिनेमा में खूब नाम कमा रही हैं। दुबई में हुए ग्लोबल इंसपिरेशनल अवार्ड्स में प्रीति को भोजपुरी, टेलीविजन और संगीत उद्योग में बेहतरीन काम के लिए इस साल का सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री पुरस्कार मिला है। वह कहती हैं, 'दुबई जैसे अनजान शहर में अपने प्रशंसकों से मिलना मेरे लिए अब तक का सबसे बढ़िया अनुभव रहा है। इस दौरान मुझे इस बात का भी आभास हुआ कि सोशल मीडिया किसी कलाकार की पहुंच कैसे दुनिया भर में पलक झपकते ही कर देता है।' रसायन शास्त्र (केमिस्ट्री) में एमएससी करने के बाद अभिनय में अपना करियर बनाने प्रीति मुंबई आईं। वह बताती हैं, 'लखनऊ में पढ़ाई के दौरान ही मेरा रुझान अभिनय की तरफ हो गया था। शुरुआत मॉडलिंग से हुई और जब मेरा पहला होर्डिंग लखनऊ में लगा और इसके लिए मेरे पास सैकड़ों बधाई संदेश आए तो मेरे परिचितों ने मेरा हौसला बढ़ाया। इस हौसला अफजाई के बाद ही मैंने मुंबई आने का फैसला किया। मेरी बड़ी बहन ने मुझे मुंबई आने के लिए एक हजार रुपये दिए और मैं ट्रेन का टिकट कटाकर मुंबई आ पहुंची। इस शहर की मैं आभारी हूं कि मुझे यहां आते ही अच्छा काम मिलने लगा।'पहले ब्रेक के बारे में पूछे जाने पर प्रीति बताती हैं, 'दूरदर्शन पर प्रसारित होने वाले सिद्धार्थ नागर निर्देशित सीरियल 'शिक्षा' में मुझे पहला ब्रेक मिला। इस धारावाहिक में अपने



जमाने के तमाम दिग्गज कलाकारों ने काम किया। इसकी शूटिंग के दौरान ही मुझे ये भी समझ आया कि अभिनय खुद को लगातार मांजते रहने का नाम है। मैंने इस दौरान जो भी सीखा, वह मुझे अब भी काम आ रहा है। इसके बाद तो अलग अलग धारावाहिकों में मैंने काफी काम किया। धारावाहिक 'मैडम सर' के लिए तो अब तक बधाई संदेश आते रहते हैं। अब मेरे कदम बड़े परदे की तरफ भी बढ़ चले हैं। भोजपुरी फिल्मों में लगातार काम करने के बाद मेरी पहली हिंदी फिल्म 'एक अंक' भी बनकर तैयार हो चुकी है।' दुबई में अपने प्रवास के बारे में चर्चा चलने पर प्रीति खासी उत्साहित दिखती हैं। वह बताती हैं, 'दुबई मैं पहले भी जा चुकी हूं लेकिन अक्सर होता यही है कि वहां जाने पर जिस कार्यक्रम के लिए जाते हैं, उसके इतर कहीं कुछ आने जाने का समय नहीं मिलता। इस बार मैं पहले से तय करके गई थी कि मुझे बुर्ज खलीफा जाना है और वहां साड़ी में अपनी फोटो खिंचानी है। मैं वहां साड़ी पहनकर जब घूम रही थी तो लोगों ने मेरी भारतीय परिध ाानों को लेकर काफी तारीफ भी की और वहां अपने प्रशंसकों से मिलकर भी मुझे काफी अच्छा लगा।'

## सखी वेलफेयर फाउंडेशन के नई कार्यकारिणी का हुआ गठन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सखी वेलफेयर फाउंडेशन जौनपुर की एक महत्वपूर्ण बैठक केंद्रीय कार्यालय पर संपन्न हुई, जिसमें वर्ष 2023–24 के लिए संस्था की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति



से सखी वेलफेयर फाउंडेशन के सामाजिक गतिविधियों के संचालन के लिए प्रीति गुप्ता को अध्यक्ष, सखी अर्चना सिंह को महासचिव तथा सखी सरला माहेश्वरी को कोषाध्यक्ष पद का दायित्व दिया गया। इस अवसर पर संस्थाध्यक्ष प्रीति गुप्ता ने कहा कि नारी विकास की संचेतना से ओतप्रोत सखी वेलफेयर फाउंडेशन के पदाधिकारियों की कर्मठता के कारण संस्था अपने सार्थक सामाजिक गतिविधियों को सतत आगे बढ़ा रही है तथा मुझे पूर्ण विश्वास है कि नई कार्यकारिणी नारी सशक्तिकरण एवं उनके आत्मविकास व आत्मनिर्भरता के लिए सदा प्रयासरत रहेगी। सखी वेलफेयर फाउंडेशन की गठित नई कार्यकारिणी में कार्यकारी अध्यक्ष पद पर तूलिका श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष पद पर स्वर्णिमा जायसवाल, तसनीम जैदी, चेतना साहू, रजनी साहू, संस्था के निदेशक के रूप में ज्योति कपूर, ममता उपाध्याय, शर्मिला सिन्हा, सह सचिव सुजाता जायसवाल, सह कोषाध्यक्ष पिंकी जायसवाल, पी आर ओ सखी शीला राय, सलाहकार समिति के सदस्य के रूप में शिल्पी जायसवाल, उमा गुप्ता, विभा साहू, मीनू बरनवाल तथा संस्था के मीडिया कोऑर्डिनेटर के रूप में विजयलक्ष्मी यादव को सर्वसम्मति से दायित्व दिया गया। बैठक का संचालन महासचिव अर्चना सिंह तथा उपस्थित सभी के प्रति आभार तूलिका श्रीवास्तव ने व्यक्त किया।

## पिकप के धक्के से रेलवे क्रासिंग का बैरियर टूटा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : आजमगढ़ वाराणसी मार्ग पर डोभी रेलवे स्टेशन के पास स्थित रेलवे क्रासिंग का दोनों बैरियर मैजिक के धक्के से टूट गया जिसके कारण दोनों तरफ लंबा जाम लग गया।रेलवे कर्मचारियों ने अस्थायी बैरियर लगाकर ट्रेन जाने के बाद आवागमन बहाल किया। रविवार सुबह नौ वजे सामान लादकर मैजिक चालक राहुल पुत्र मदन निवासी फॉक्सगंज गाजीपुर क्षेत्र के पतरही से जौनपुर जा रहा था।डोभी रेलवे क्रासिंग पर पहुंचा ही था कि इसी दौरान गेटमैन आवागमन बंद करने के लिए बैरियर गिरा रहा था जिसे पीकप चालक देख नहीं पाया और दोनों बैरियर को तोड़ते हुए किनारे जा लगा।इससे वहां अफरा तफरी मच गई।गेटमैन अस्थायी बैरियर लगाकर आवागमन अवरुद्ध किया।दोनों तरफ लंबा जाम लग गया।ट्रेन जाने के बाद काफी मसक्कत के बाद आवागमन बहाल हुआ।

## पति को बेहोश कर पत्नी लाखों रुपए के जेवरात सहित हुई गायब

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बदलापुर कोतवाली क्षेत्र के रारी खुर्द गांव में पत्नी ने अपने पति को रात में बेहोश करके एक लाख से ऊपर कीमत के गहने को लेकर लापता हो गई है। घटना 3 मई रात की है। गांव निवासी सुशील विश्वकर्मा ने पुलिस को इस बात की लिखित तहरीर दिया है कि उसकी पत्नी मंजू विश्वकर्मा 25 वर्ष उसे रात में 11:00 बजे कुछ सुंघ ाकर बेहोश कर दिया। इसके बाद वह घर से एक लाख से ऊपर की कीमत का जेवरात और कपड़ा वगैरह घर से लेकर भाग गई। 4 मई को 7:00 बजे सुबह जब वह उठा तो घर में , बाहर ,रिश्तेदारी में तलाशने के बाद पत्नी का कहीं कोई अता पता नहीं चला। प्रभारी निरीक्षक विनीत राय ने बताया कि इस प्रकरण में पीड़ित पति की तहरीर पर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

## भारतीय कुश्ती का चीर हरण –खेल शिक्षक डॉ आलोक कुमार द्विवेदी

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। खेल शिक्षक डॉ आलोक कुमार द्विवेदी ने कहा कि वर्तमान समय में भारतीय खेल प्रेमियों का दिल बहुत दुखी है भारतीय कुश्ती की दशा को देखकर पिछले 3 महीनों से हमारे भारतीय पहलवान दिल्ली में जंतर मंतर पर भारतीय कुश्ती संघ की कार्यप्रणाली से दुखी होकर धरना दे रहे हैं। परंतु समस्या का निदान नहीं निकल पा रहा है। अगर हम भारतीय खेल में कुश्ती के योगदान को देखें तो 1990 से आज तक हम जो विश्व के खेल जगत में एक शक्ति के रूप में उभरे हैं तो उसमें हम भुला नहीं पाएंगे। कुश्ती में भारतीय पुरुषों पहलवान के अलावा महिला भारतीय पहलवानों की योगदान को हम नहीं भूल सकते चाहे वह साक्षी मलिक, विनेश



फोगाट, बबीता आदि ना जाने कितनी प्रतिभाओं ने भारतीय कुश्ती के उत्थान में योगदान दिया। भारतीय कुश्ती में बड़े विश्वास के साथ ग्रामीण अंचलों के अभिभावकों ने अपने युवाओं को अपना भविष्य बनाने के लिए समर्पित किया। परंतु बड़े दुख के साथ आज भारतीय खेल प्रेमी कुश्ती की दशा तथा राजनीतिकरण विवाद होने से ठगा महसूस कर रहा है। आज हम जब हम विश्व खेल जगत में महत्वपूर्ण स्थान बनाने की ओर अगर सित हो रहे हैं। वही हमारी सरकार नई खेल नीति के तहत सुविधा देने के लिए वचनबद्ध है। फिर यह कैसा भारतीय खेल जगत की महत्वपूर्ण खेल कुश्ती पर एक ग्रहण सा लग गया है। भारतीय कुश्ती संघ तथा भारतीय पहलवानों के बीच बढ़ता विभाग युवा प्रतिभाशाली पहलवानों के लिए तनाव पूर्ण है। अगले साल राष्ट्रीय खेल होने हैं तथा कई अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताएं होनी है अगर यह विवाद नहीं सुलझा तो भारतीय कुश्ती को बड़ा नुकसान होगा। हम सब खेल प्रेमी यही दुआ करते हैं कि कोई बीच का रास्ता निकले जिससे भारतीय कुश्ती को समस्या से निजात मिले। इस समस्या के समाधान के लिए भारत सरकार को भी मध्यस्थता करना जरूरी है जिससे भारतीय कुश्ती की दुनिया में एक अच्छा वातावरण बने तथा प्रतिभावान युवा पहलवान अपना अच्छा भविष्य देख सकें। हम आशा करते हैं की समस्या का समाधान शीघ्र होगा और भारतीय कुश्ती पर आया संकट दूर होगा।

## हत्या के तीन वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सरायख्वाजा थाना अंतर्गत पुलिस टीम ने हत्या के 03 वांछित अभियुक्तों को किया गिरफ्तार डा0 अजय पाल शर्मा, पुलिस अध ीक्षक जौनपुर के द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे सघन अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन व क्षेत्राध िकारी सदर जौनपुर के पर्वेक्षण में प्रभारी निरीक्षक सरायख्वाजा मय हमराह को मुखबिर द्वारा सूचना मिली की ग्राम चकभवानीशंकर में हुई हत्या के सम्बन्ध में पंजीकृत मु0अ0स0–107 / 23 ध ारा–147 / 302 / 323 / 504 / 506 भा0द0वि0 के अभि0गण कुहिया नहर पुलिया के पास कही जाने के लिए सवारी गाडी का इतजार कर रहे। सूचना पर तीनो ब्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया नाम पता पूछने पर अपना नाम क्रमशः 1. मनोज यादव पुत्र रामअवध यादव 2. सुरज यादव उर्फ मट्ठु पुत्र राजधारी यादव 3.सुरज उर्फ भल्लर पुत्र हीरालाल निवासीगण चकभवानीशंकर थाना सरायख्वाजा जौनपुर बताया। जिनको कारण गिरफ्तारी बताते हुए गिरफ्तार किया गया, जिनके कब्जे से आला कत्ल की बरामदगी की गयी। आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है । अभियुक्तों का नाम पता व अपराधिक इतिहास– 1.मनोज यादव पुत्र रामअवध यादव निवासी चकभवानीशकर थाना सरायख्वाजा जौनपुर। 1.मु0अ0सं0–107 / 23 धारा–147 / 302 / 323 / 504 / 506 भादवि थाना सरायख्वाजा जौनपुर। 2.




मु0अ0स0–147 / 2020 धारा–323 / 504 / 325 / 308 भा0द0वि0 थाना सरायख्वाजा जौनपुर ।2.सूरज उर्फ भल्लर पुत्र हीरालाल यादव निवासी चकभवानीशकर थाना सरायख्वाजा जौनपुर। 1.मु0अ0सं0–107 / 23 ध ारा–147 / 302 / 323 / 504 / 506 भादवि थाना सरायख्वाजा जौनपुर। 2. मु0अ0स0–147 / 2020 धारा–323 / 504 / 325 / 308 भा0द0वि0 थाना सरायख्वाजा जौनपुर। 3.सूरज यादव उर्फ मट्ठु पुत्र राजधारी यादव निवासी चकभवानीशकर थाना सरायख्वाजा जौनपुर। 1.मु0अ0सं0–107 / 23 धारा– 147 / 302 / 323 / 504 / 506 भादवि थाना सरायख्वाजा जौनपुर।

## 19वीं लखनऊ डिस्ट्रिक्ट इंटर स्कूल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में एस के डी अकादमी के छः बच्चों ने जीता स्वर्ण पदक

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। एस के डी अकादमी के छः बच्चों युग गौतम, प्रत्युश विश्वकर्मा, ऋषभ वर्मा, कीर्ति कन्नौजया, जिगर मिश्रा व अर्जुन चौधरी ने 19वीं लखनऊ डिस्ट्रिक्ट इंटर स्कूल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक एवं कृष्ण कुमार ने रजत व आकर्षण राज ने कॉंस्य पदक जीता। ये सभी विद्यार्थी एस के डी अकादमी की आई एस सी बोर्ड राजाजीपुरम शाखा के आठवीं एवं दसवीं कक्षा के छात्र हैं । इन सभी बच्चों की अभूतपूर्व मेहनत व शानदार जीत के लिए एस के डी अकादमी की प्रधानाचार्या ने सराहना की व अकादमी के निदेशक मनीष सिंह ने सभी बच्चों को बध




ााई दी व भविष्य में निरंतर सफलता के लिए शुभकामनायें दी।

## नजारा चैनल पर प्रसारित होनेवाले शो 'लाल बनारसी' की कहानी देश के सबसे दिव्य व अनूठे शहर माने जाने वाले बनारस में बसी

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। देश भर में एक अलौकिक शहर के तौर पर अपनी पहचान रखने वाले शहर बनारस में बुनकर समुदाय की कारीगरी से हर कोई वाकिफ और उनकी कलाकारी से हर कोई प्रभावित है. यह शहर बनारसी सिल्क साड़ियों के लिए दुनिया भर में काफी मशहूर है. गौरतलब है कि इनकी बुनाई और प्रतिभा की दुनिया भले ही कायल हो, मगर एक कड़वा सच यह भी है कि व्यापारियों द्वारा उनकी मेहनत के अनुरूप उन्हें पूरे पैसे नहीं दिये जाते हैं जिससे इन्हें जिंदगी में कई तरह की मुश्किलों का सामना करना पड़ता है. लेकिन क्या होता है जब उसी बुनकर समाज से एक लड़की इस शोषण के ख्घ्लिाफ अपनी आवाज बुलंद करती है और अपने समुदाय के लिए हकघ् की लड़ाई लड़ती है? मगर शो की इस पृष्ठभूमि में जब बगावत का झंडा बुलंद करने वाली उसी लड़की और एक शातिर बिजनेसमैन एक–दूसरे के प्रति आकर्षेत होने लगते हैं तब एक नई तरह की समस्या आ खड़ी होती है. मनोरंजन चौनल 'नजारा' पर आने वाले बहुप्रतीक्षित शो की कहानी गौरी नामक किरदार के इर्द–गिर्द घूमती है जो पेश से एक बुनकर है. वह ना सिर्फ अपनी कुशलता व कलात्मकता के लिए जानी जाती है, बल्कि उसे अपने सपनों और उम्मीदों को हकधीकघ्त के साथ बुनना भी खघ्ूब आता है. उल्लेखनीय है कि लोकप्रिय टीवी आर्टिस्ट सावी ठाकुर शो में गर्व अग्रवाल का रोल निभाते नजर आएंगे जबकि बेहद प्रतिभाशाली गौरी चित्रांशी शो में गौरी की भूमिका निभाती दिखाई देंगी. दिग्गज टीवी कलाकार नारायणी शास्त्री शोघ् में शकुंतला देवी का अहम किरदार निभाघ्ने जा रही हैं. पार्थ प्रोडक्शन्स द्वारा निर्मित 'लाल बनारसी' का प्रीमियर 9 मई को नजारा चौनल परघ् किया जाएगा. 'लाल बनारसी' में गौरी नामक किरदार के जरिएघ् एक्टिंग कीघ् रोमांचक दुनिया में कघ्दम रखने जा रही गौरी चित्रांशीघ् कहती हैं, ''लाल बनारसी में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का मौका दिये जाने और एक लीड एक्टर के तौर पर शो के लिए काम करने को लेकर मैं काफी उत्साहित हूं. शो की प्रतिभाशाली टीम के साथ काम करना भी मेरे लिए एक अलग किस्म का यादगार अनुभव है. मुझे अपने प्रतिभाशाली, बेहद सहयोगपूर्ण रवैया रखने वाले और समर्पित सह–कलाकारों के साथ काम करके काफी मजा आ रहा है. सभी ने शो के लिए काफी मेहनत की है और अपने–अपने किरदारों को उम्दा तरीके से निभाया है. हम सभी ने




मिलकर एकजुटता के साथ काम किया ताकि हम अपने दर्शकों के लिए एक बेहद मनोरंजक शो का निर्माण कर सकें.'' 'लाल बनारसी'' में गर्व अग्रवाल का किरदार निभानेवाले सावी ठाकुर कहते हैं, ''जब मुझे इस शो में काम करने का ऑफर मिला था और जब मैंमे इस शो की कहानी सुनी थी तो मैं इससे काफी प्रभावित हुआ था. मुझे अपने किरदार की गहराई काफी पसंद आई जो एक चालाक और मतलबी बिजनेसमैन के किरदार में है. उसका ताल्लुक एक टूटे हुए परिवार से है. ऐसे में उसका स्वभाव काफी व्यावहारिक है और उसकी जिंदगी में प्यार और जज्बात के लिए कोई जगह नहीं होती है. मुझे अपने किरदार का यह पहलू काफी चुनौतीपूर्ण लगा क्योंकि इसके जरिए मुझे एक ऐसे शखघ्स का किरदार निभाने का मौका मिला जो मेरी शखघ्सियत से काफी अलग है. मैं इस शो को लेकर काफी उत्साहित हूं और मुझे उम्मीद है कि दर्शकों को भी यह शो काफी पसंद आएगा. '' शो में शकुंतला का एक बेहद सशक्त किरदार निभाने वाली दिग्गज टीवी एक्टर नारायणी शास्त्री कहती हैं, ''मैं तीन शर्तों पर किसी भी शो में काम करने के लिए हामी भरती हूं – एक है सशक्त किरदार, ईमानदार व कर्तव्यनिष्ठ प्रोडक्शन हाउस और एक ऐसा चौनल जिसे कला की कद्र हो.घ् 'लाल बनारसी' को साइन करते हुए मैंने इन तीनों बातों को तवज्जो दी और हैट्रिक मार ली! शकुंतला एक बेहद सशक्त किरदार है जिसे शो में एक प्रभावशाली किरदार के तौर पर पेश किया गया है. जहां गौरी एक नघ्ई और एक आत्मविश्वास से भरपूर लड़की के तौर पर दिखेगी वहीं गर्व एक ऐसा किरदार है जिसकी शखघ्सियत के विभिन्न पहलुओं को में एक एक कर डिस्कवर करती रहती हूं. शो के सभी सहयोगी कलाकारों के साथ काम करना मेरे लिए एक सुखद एहसास जैसा है. शो के जरिए मैं अपने किरदार को नई बुलंदियों पर ले जाने के लिए आतुर हूं.'' जल्द ही चौनल पर इस शो का प्रीमियर कर दिया जाएगा. ऐसे में चौनल विभिन्न माध्यमों से शो को प्रमोट करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहा है. इसमें एक माध्यम है एलईडी वैन्स जो जगह जगह जाकर शो को प्रचारित करने में अहम भूमिका निभा रहे हैं. 9 मई से इन वैन्स के जरिए चैनल नजारा और भोजपुरी फिल्म चौनल फिलमची का प्रोमो भी दिखाए जाएंगे. गौरी की प्रेरणाधायक यात्रा के बारे में अधिक जानकारी हासिल करने के लिए 9 मई से हर सोमवार से शुक्रवार के बीच रात 8.00 बजे से 'लाल बनारसी' देखना शुरू करें और शो का पूरा लुत्फ उठाएं।

# कलेक्ट्रट सभागार में आज 135 अपीलों शिकायतों में 80 प्रतिशत मामलों का कराया गया निस्तारण

जौनपुर सू.वि. : उत्तर प्रदेश राज्य सूचना आयोग के सूचना आयुक्त श्री अजय कुमार उप्रेती द्वारा जनपद जौनपुर से संबंधित द्वितीय अपीलों व शिकायतों की जनपद स्तर पर विकेन्द्रीकरण सुनवाई कलेक्ट्रट सभागार में आज 135 अपीलों शिकायतों में 80 प्रतिशत मामलों का निस्तारण कराया है। इस दौरान ऐसे कई मामले सामने आए जो वर्षों से लंबित थे। आयुक्त द्वारा 06 घंटों की सुनवाई के दौरान कई अधिकारियों को ससमय सूचना न उपलब्ध कराने पर फटकार भी लगाई साथ ही जन सूचना अधिकार अधिनियम 2005 के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि आयोग द्वारा वादकारियों की सहूलियत के लिए जनपद भ्रमण कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। इससे वादकारियों को लंबे समय से लंबित मामलों में विभिन्न प्रकार की जानकारियां प्राप्त हो सकेंगी। इससे उनकी ऊर्जा, धन एवं समय की भी बचत होगी। उन्होंने बताया कि जन सूचना अधिकार अधिनियम सभी लोक प्राधिकारियों पर लागू होता है। अधिकारी किसी भी स्तर का क्यों न



हो, यदि जन सूचना अधिकार अधिनियम का पालन नहीं करता है तो आयोग द्वारा कार्रवाई की जाएगी साथ ही उनके द्वारा वर्ष 2022 व 2023 में लगभग 197 मामलो में जनसूचना अधिकारियों पर अर्थदंड (लगभग 49 लाख 25 हजार रुपये) भी अधिरोपित किया गया है। इस अवसर पर जिलाधिकारी श्री अनुज कुमार झा, उपजिलाधिकारीगण, समस्त विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# फर्नीचर गोदाम में लगी भीषण आग : दो मंजिला भवन में फंसे कई लोग

लखनऊ ब्यूरो : राजाजीपुरम ए ब्लॉक भव्यापुरम में सोफा गोदाम में आग लग गई। हादसा बिजली मीटर में शॉर्ट सर्किट से हुआ। देखते–देखते आग ने पूरे गोदाम को अपनी जद में ले लिया। ऊपरी मंजिल पर परिवार फंस गया था, जिसे स्थानीय लोगों के सहयोग से बाहर निकाला गया। इसी बीच धमाके के कारण पूरा इलाका दहल गया। दमकल की चार गाड़ियों ने दो घंटे में आग पर काबू पाया। राजाजीपुरम ए ब्लॉक भव्यापुरम निवासी अब्दुल मजीद अपने मकान के ऊपरी मंजिल पर परिवार के साथ रहते हैं। ग्राउण्ड फ्लोर पर सोफा का गोदाम बना रखा था। देखते ही देखते सोफा गोदाम से आग की लपटें निकलने लगीं। स्थानीय लोगों ने आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया। इसी बीच पुलिस व फायर कंट्रोल रूम को भी सूचना दी गई। परिवार को सुरक्षित निकाला हादसे के दौरान अब्दुल मजीद का पूरा परिवार दूसरी मंजिल पर फंस गया था। स्थानीय लोगों ने



सभी को पास के टीन शेड के रास्ते से सुरक्षित बाहर निकाला। इस दौरान गोदाम में रखा लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। हादसे की चपेट में गैलरी में रखी बाइक भी आ गई थी। टायर व पेट्रोल टंकी के फटने से तेज धमाका हुआ, जिससे पूरा इलाका दहल गया।

# पंजाब में कांग्रेस पार्टी द्वारा किए गए विकास कार्यों की गिनाई उपलब्धियां

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय जालंधर। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी, अनुसूचित जाति विभाग के चेयरमैन एवं जालंधर लोक सभा



उपचुनाव में स्टार प्रचारक राजेश लिलोठिया पूर्व मुख्यमंत्री पंजाब चरणजीत सिंह चन्नी, पंजाब कांग्रेस कमेटी, अनुसूचित जाति विभाग के चेयरमैन कुलदीप सिंह वैद तथा पंजाब कांग्रेस पार्टी के तमाम वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार के पक्ष में कई चुनावी रैलियां, रोड शो और चुनावी सभाओं में भाग लेकर धुआंधार प्रचार किया। इस अवसर पर उन्होंने पंजाब में कांग्रेस पार्टी द्वारा किए गए विकास कार्यों की उपलब्धियां भी गिनाई। उन्होंने आम आदमी पार्टी,भाजपा तथा अकाली दल के द्वारा पंजाब के हित में कार्य न करने की भी बात कही साथ ही उन्होंने कहा कि देश का विकास केवल कांग्रेस पार्टी ही कर सकती है। इसलिए जनता से अपील करते हुए कहा कि उन्हें कांग्रेस पार्टी के पक्ष में वोट करना चाहिए।

# मणिपुर में फंसे यूपी के छात्रों की आज से घर वापसी : सीएम के निर्देश पर हरकत में आया शासन

लखनऊ ब्यूरो : मणिपुर हिंसा में फंसे यूपी के छात्रों को सोमवार से सुरक्षित वापस घर लाया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश के बाद रविवार को शासन के अधिकारी हरकत में आ गए। छात्रों को फ्लाइट से लाया जाएगा। उनको शिक्षण संस्थान से एयरपोर्ट तक सुरक्षित लाने की व्यवस्था मणिपुर सरकार करेगी। मणिपुर में फंसे छात्रों ने मुख्यमंत्री के नाम मदद की अपील जारी की थी। योगी ने इसे तुरंत संज्ञान लेते हुए गृह विभाग के प्रमुख सचिव संजय प्रसाद को कार्रवाई के निर्देश दिए। संजय प्रसाद ने मणिपुर के मुख्य सचिव से बात कर छात्रों की सुरक्षित वापसी की व्यवस्था और वहां उनकी सुरक्षा का आग्रह किया। मणिपुर के मुख्य सचिव ने उन छात्रों से संपर्क कर और उन्हें वापस भेजने के लिए एक आईएएस अधिकारी नामित किया है। राहत आयुक्त प्रभु नारायण सिंह ने बताया कि अब तक यूपी के 29 छात्रों के वहां फंसे होने की सूचना मिली है। ये छात्र स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी, मेडिकल और तकनीकी शिक्षण संस्थान में पढ़ रहे हैं। कुछ बच्चों से संपर्क कर उन्हें वहां फंसे अन्य की जानकारी जुटाने और 1070 पर सूचना देने को कहा गया है। राहत आयुक्त ने बताया कि तीन छात्रों ने अपना कोर्स पूरा करके ही वापस आने की बात कही है। उन्होंने फिलहाल खुद को सुरक्षित बताया है।

# आर्य समाज रामनगर रुड़की का वार्षिक उत्सव सम्पन्न

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय रामनगर रुड़की,हरिद्वार। आर्य समाज रामनगर रुड़की का 47 वा वार्षिक उत्सव 5 मई 2023 से शुरू होकर 7 मई 2023 को संपन्न हुआ। इस वार्षिक उत्सव में प्रसिद्ध विद्वान एवं चिंतक प्रोफेसर विनय विद्यालंकार , शिक्षा प्रशिक्षण संकाय गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय हरिद्वार तथा भजनों उपदेशक पंडित मुकेश शास्त्री जी गुरुकुल गौतम नगर के मधुर भजन का श्रद्धालुओं ने लाभ उठाया। प्रोफेसर विनय विद्यालंकार के द्वारा भारतीय संस्कृति के वैज्ञानिक तथ्यों को उजागर किया तथा आपने आर्य समाज के भारत की आजादी में योगदान पर प्रकाश डाला। पंडित मुकेश शास्त्री के भजन सुनकर उपस्थित श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। तीन दिवसीय वार्षिक उत्सव के दौरान प्रतिदिन यज्ञ , भजन तथा प्रेरक विचारों का लाभ उपस्थित श्रद्धालुओं ने उठाया वार्षिक उत्सव के अंतिम दिन ऋषि लंगर का आयोजन हुआ जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन को सफल बनाने में प्रधान आर्य समाज डॉ दिनेश सिंह विवेक अरोड़ा मंत्री संदीप यादव मंत्री सर रक्षक मदन पाल





शर्मा आदि का योगदान रहा। विशेष आमंत्रित डी पी यादव प्रधान आर्य प्रतिनिधि सभा उत्तराखंड, चंद्रप्रकाश जी महामंत्री आर्य प्रतिनिधि सभा उत्तराखंड एवं जनपद हरिद्वार तथा आचार्य योगेंद्र मेधावी जी का स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया। इस समारोह में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रतिदिन आनंदित होकर भजन एवं उपदेश का लाभ उठाया।

# अनाधिकृत वेंडरों के विरुद्ध औचक जांच का आयोजन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। मंडल के वाणिज्य विभाग की कैटरिंग टीम द्वारा अनाधिकृत वेंडरों के विरुद्ध एक औचक जांच का आयोजन किया गया । इस जांच के दौरान टीम द्वारा गाड़ी संख्या



04052 (आनंद विहारदृ वाराणसी सिटी स्पेशल) की लखनऊ स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 01 पर पहुँचने पर सघन जांच की गयी एवं इस जांच के दौरान 04 वेंडरों को गाड़ी पर अनाधिकृत रूप से खाने पीने का पैकेट बेचते हुए पकड़ा गया। पूछताछ करने पर चारो वेंडरो के पास से किसी भी प्रकार का कोई वैध प्राधिकार पत्र नहीं पाया गया। अतः इन चारो अवैध एवं अनाधिकृत वेंडरों को अग्रिम विधिक कार्यवाही हेतु रेल सुरक्षा बल लखनऊ के सुपुर्द कर दिया गया। रेल प्रशासन अपने सम्मानित यात्रियों से अनुरोध करता है कि वे अधिकृत खानपान स्टाल व वेंडर से ही खानपान सामग्री खरीदे। किसी भी प्रकार सहायता अथवा शिकायत के लिए रेलवे हेल्पलाइन संख्या 139 पर अथवा रेल मदद ऐप पर संपर्क करें।

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार मां–बेटी की मौत : दामाद का चल रहा इलाज

सीतापुर ब्यूरो : सीतापुर जिले की कोतवाली महोली इलाके में एक ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार मां बेटी की मौत हो गई। बाइक को महिला का दामाद चला रहा था जिसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शाहजहांपुर के गांव आलमपुर निवासी की ईसमवती (45) अपनी पुत्री सवाना (20) के साथ सीतापुर किसी काम से आई थी। वह सोमवार सुबह वापस बाइक से शाहजहांपुर जा रही थी। बाइक उसका दामाद लखीमपुर खीरी थाना मोहम्मदी के गांव कमलापुर निवासी सोनपाल (28) चला रहा था। चालक ने हेलमेट नहीं लगाया था। रिछाई चौकी क्षेत्र में नेशनल हाईवे 24 पर पंचपुर गांव के नजदीक शाहजहांपुर की ओर से आ रही एक ट्रक ने बाइक को सामने से टक्कर मार दी। टक्कर लगने से तीनों बाइक से गिर गए और सवाना की मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची





पुलिस ने ईसमवती को जिला अस्पताल भर्ती कराया जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। सोनपाल को सीएचसी महोली में भर्ती कराया गया है। जहां उसका इलाज जारी है। इंस्पेक्टर अनूप शुक्ला ने बताया कि घटनास्थल पर चौकी इंचार्ज मनोज सिंह को भेजा गया था। मां बेटी की मौत हुई है। मृतक किस काम से सीतापुर आए थे इसकी जानकारी नहीं हो पा रही है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए रख दिया गया है।

# जिलाधिकारी द्वारा सीडा प्राधिकरण क्षेत्र का किया गया निरीक्षण

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी/मुख्य कार्यपालक अधिकारी, सतहरिया औद्योगिक विकास प्राधिकरण (सीडा) जौनपुर श्री अनुज कुमार झा द्वारा सीडा प्राधिकरण क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सीडा प्राधिकरण के दक्षिणी सेक्टर में 22 बीधे की भूमि पर स्थानीय व्यक्तियों द्वारा किये गये अतिक्रमण/निर्माण को हटाने हेतु माह अक्टूबर 2022 में की गयी कार्यवाही के उपरान्त प्रभावितों द्वारा समय की मांग की गयी थी। किन्तु उनके द्वारा निर्माण नहीं हटाया गया। जिलाधिकारी/मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा उप जिलाधिकारी, मछलीशहर को निर्देशित किया गया कि प्रभावितों को चिन्हित कर पट्टे की भूमि के आवंटन की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण कर 15 दिन में अतिक्रमण/निर्माण को हटाने की कार्यवाही पूर्ण की जाय। जिलाधिकारी द्वारा प्राधिकरण क्षेत्र के उत्तर–पश्चिम सेक्टर का निरीक्षण किया और सीमा की पैमाईश कराने हेतु अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी एवं उप जिलाधिकारी, मछलीशहर को निर्देशित किया गया कि शीघ्र पैमाईश कराकर सीमा चिन्हित की जाय एवं समयान्तर्गत बाउण्ड्रीवाल का निर्माण कार्य पूर्ण किया जाय। जिलाधिकारी द्वारा रोड नं0–11 की जर्जर स्थिति को सुधारने हेतु



शीघ्र ही आर०सी०सी० सड़क निर्माण का आगणन तैयार कर प्राधिकारी बोर्ड की आगामी बैठक में रखे जाने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा सीडा प्राधिकरण क्षेत्र की सड़कों की मरम्मत पटरी एवं नाली के निर्माण हेतु आगणन तैयार कर प्रस्तुत किये जाने के निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी द्वारा सीडा प्राधिकरण क्षेत्र की औद्योगिक इकाई में वरुण बेवरेज लि० का निरीक्षण किया गया इस अवसर पर उप जिलाधिकारी, मछलीशहर, अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी सीडा व सहायक प्रबन्धक (सिविल) सीडा आदि उपस्थित रहें।

## 'हर मंडल में होगा मंडलीय सम्मेलन और वैज्ञानिक सेमिनार – सुनील यादव

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। दवाओं के क्षेत्र में होने वाली नई–नई जानकारियों को अपडेट करने तथा सांगठनिक मजबूती के लिए यूथ फार्मेसिस्ट फेडरेशन पूरे प्रदेश के सभी मंडलों में सम्मेलन आयोजित करेगा जिसमें वैज्ञानिक सेमिनार भी सन्निहित होगा । मंडलीय सम्मेलनों में फार्मेसिस्ट फेडरेशन के सभी विंग के लोग उपस्थित होंगे, विशेष तौर पर युवा फार्मेसिस्ट की महत्वपूर्ण भूमिका होगी, उक्त निर्णय अयोध्या मंडल के मंडलीय सम्मेलन में लिया गया । सम्मेलन को संबोधित करते हुए फार्मासिस्ट फेडरेशन के अध्यक्ष सुनील यादव ने कहा कि फार्मेसिस्ट अपने कर्तव्य तो करेगा लेकिन अधिकारों के लिए भी लगातार संघर्ष करेगा जो फार्मेसिस्ट अपना मेडिकल स्टोर चला रहे हैं या विभिन्न शिक्षण संस्थानों में प्रोफेसर के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं, या अन्य जगहों पर सेवारत हैं, उन सभी की समस्याओं के लिए फेडरेशन संघर्ष करेगा । उन्होंने कहा कि फार्मेसिस्टो द्वारा जनता को उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने हेतु नियमित रूप से जानकारियां देनी चाहिए, सभी फार्मेसिस्टो को उच्च शिक्षा ग्रहण कर रिसर्च सेक्टर को और मजबूत करना है जिससे हमारे देश की फार्मेसी विश्वगुरु के रूप में स्थापित हो सके । यूथ फार्मेसिस्ट फेडरेशन के अध्यक्ष आदेश ने बताया कि अयोध्या मंडल की बैठक में सांगठनिक मजबूती के लिए व्यापक विचार विमर्श करते हुए 2025 में फार्मेसी का लक्ष्य तय किया गया । उपाध्यक्ष राजेश सिंह ने उपस्थित सैकड़ों युवा फार्मेसिस्टो को फार्मेसिस्ट के महत्व, सम्मान को बढ़ाने, रोजगार को विकसित करने, उच्च शिक्षा ग्रहण करने पर जोर देने, रिसर्च, चींतउंबवअपेपसंदबम, दवा उद्योग , मार्केटिंग में अनिवार्यता के लिए कार्य करने का संकल्प दिलाया। बैठक में 'फार्मेसिस्ट का समाज में महत्व' विषय पर वक्ताओं द्वारा व्याख्यान दिया गया जिसे संरक्षक उपेंद्र यादव, उपाध्यक्ष अरुण मौर्या, मंडल प्रभारी शुभेंद्र, अध्यक्ष शशांक, सचिव अम्बरीष कुमार श्रीवास्तव, लखनऊ के अध्यक्ष अनिल दुबे, सचिव अभिषेक शुक्ला, रायबरेली के अध्यक्ष शाहिद, सुल्तानपुर के अध्यक्ष विवेक, मंडल उपाध्यक्ष आदित्य, बाराबंकी उपाध्यक्ष संजय अमेठी के अध्यक्ष आशीष, उपाध्यक्ष अजय यादव, हुबैब खान, मनोज गुप्ता के साथ शिक्षकों ने भी संबोधित किया । सम्मान और स्वागत के लिए स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भगवती प्रसाद इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस अमेठी संस्थान के प्रबंधक एवं स्टाफ, सभी फैकल्टी मेंबर का आभार व्यक्त किया गया ।

# कलेक्ट्रट सभागार में राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण के सम्बंध बैठक सम्पन्न

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी श्री अनुज कुमार झा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रट सभागार में राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण के सम्बंध बैठक की गई। बैठक में सड़क निर्माण में आने वाली समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गयी। सभी सम्बंधित उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि जिन गांवों में भूमि के सम्बंध में विवाद अधिक है उन गांवों के कैम्प लगाकर शिकायत का निस्तारण कराये। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि मड़ियाहूं से जौनपुर की सड़कों को ठीक कराते हुए 01 हफ्ते में अवगत कराएं। एनएच233 के समीक्षा में पाया कि केराकत में रेट लिस्ट को लेकर विवाद है, जिसके सम्बंध में पी.डी. से वार्ता करने के निर्देश अपर जिलाधिकारी भू–राजस्व गणेश प्रसाद सिंह को दिया। एन एच 731 बी में के सम्बन्ध में निर्देश दिया कि अतिशीघ्र अवार्ड बनाया जाए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी शाहगंज, मड़ियाहूं एवं राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण कार्यदायी संस्था के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# नवाचार और उद्यमिता का हब बनेगा यूपी

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। प्रदेश में इनोवशन और स्टार्टअप की संस्कृति विकसित करने के सरकार के इरादे को डॉ0 एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय पंख लगा रहा है। विश्वविद्यालय के इनोवेशन हब की ओर से लगातार प्रदेश के युवाओं को स्टार्टअप और इनोवेशन के लिए प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही उन्हें सहयोग दिया जा रहा है। इस कार्य को और भी बेहतर करने के उदेश्य से इनोवेशन हब की टीम सहित प्रदेश के आरईसी के इन्क्युबेशन सेंटर के मैनेजटर की टीम तीन दिवसीय दौरे पर गुजरात गयी है। टीम गुजरात में अपने तीन दिवसीय दौरे पर विभिन्न संस्थानों में जाएगी। इस दौरान वहां स्टार्टअप और इनोवेशन के लिए चल रही योजनाओं को समझेगी। साथ ही वहां पर जमीनी स्तर पर किस तरह स्टार्टअप को बढ़ावा दिया जा रहा है इसका भी अध्ययन करेगी। कुलपति प्रो0 आलोक कुमार राय के निर्देशन और डॉ0 अनुज शर्मा की अगुवाई में टीम सोमवार को गुजरात के अहमदाबाद पहुंची। यहां टीम ने पहले दिन आई हब गुजरात गयी। यहां नवाचार और उद्यमिता के लिए बनी नीतियों को समझा। आई हब के सीईओ हिरनमय महंता ने टीम को बताया कि पूरे गुजरात में स्टार्टअप इकोसिस्टम को बनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि स्टार्टअप इकोसिस्टम को बनाने के लिए माइंड टू मार्केट के जरिये आगे बढ़ रहे हैं। आई हब



के प्रोग्राम मैनेजर जय जोशी ने आई हब के तहत उद्यमिता और नवाचार पर किये जा रहे कार्य की जानकारी दी। इसके बाद टीम गुजरात विश्वविद्यालय के इन्क्युबेशन सेंटर जीयूएसईसी भी पहुंची। यहां मलय शुक्ला ने टीम को बताया कि जीयूएसईसी न केवल स्टार्टअप को बढ़ावा देती है बल्कि सपोर्ट सिस्टम, बिजनेस सहयोग, आईपीआर आदि में भी सहयोग करती है। एकेटीयू के टीम में इन्नोवेशन हब हेड महीप सिंह मैनेजर वंदना शर्मा, रितेश सक्सेना सहित अन्य लोग शामिल हैं।

# कानपुर से पांच रोहिंग्या व एक बांग्लादेशी समेत आठ गिरफ्तार

लखनऊ ब्यूरो : यूपी एटीएस ने कानपुर से पांच रोहिंग्या व एक बांग्लादेशी समेत आठ लोगों को शनिवार को गिरफ्तार किया है। इनमें चार महिलाएं व दो भारतीय नागरिक हैं। ये सभी कानपुर से दिल्ली के रास्ते जम्मू जा रहे थे। एटीएस उनके जम्मू जाने की वजह तलाश रही है। इनके पास से पैन कार्ड, 5 आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, आयुष्मान भारत का कार्ड, ई–श्रम कार्ड, दो डेबिट कार्ड, दो मोबाइल, दो यूएनएचसीआर कार्ड, 12 रेल टिकट और 11,980 रुपये बरामद किए है। इन सभी के खिलाफ रविवार को एटीएस थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। एटीएस को सूचना मिली थी कि कुछ लोग बांग्लादेश में रह रहे रोहिंग्या नागरिकों से पैसा लेकर उनको अवैध रूप से सीमा पार कराकर भारत ला रहे हैं। इनमें से कुछ बांग्लादेश से कानपुर आए हैं। इनकी भाषा और तौर–तरीका संदिग्ध है। इस पर एटीएस की टीम झकरकटी बस अड्डे पहुंची और आठों संदिग्धों से पूछताछ की। इन लोगों ने बताया कि हम लोग रोहिंग्या नागरिक हैं। बांग्लादेश से सीमा पार करके भारत आए हैं। हम लोगों को दिल्ली जाना है, जहां से जम्मू जाने को बोला गया है। एटीएस को उनकी तलाशी में कुमारघाट से गुवाहाटी और गुवाहाटी से दिल्ली का रेल टिकट मिला। त्रिपुरा के अनवर को किया गया सुपुर्द पूछताछ में उन्होंने बताया कि बॉर्डर पार करने के बाद उनको त्रिपुरा के अनवर के सुपुर्द किया गया था। दो दिन तक अनवर के पास रहने के दौरान उनको भारतीय नागरिकता के फर्जी पहचान पत्र दिए गए। अनवर का ड्राइवर विमल मियां भी इस गिरोह में शामिल है। विमल उनको कुमारघाट रेलवे स्टेशन पर छोड़ने आया था, वहां मौजूद त्रिपुरा निवासी सुबीर सब्दाकर उनको दिल्ली ले जाने वाला था। वहीं गिरफ्तार जम्मू निवासी मो. जकारिया ने बताया कि रोहिंग्या युवती सबकुर नाहर को जम्मू में उसकी बहन यासमीन के पास छोड़ने जा रहा था। बाकी दो लड़कों और तीन लड़कियों मो. शोएब, नूर मुस्तफा, नूर हबीबा, रजिया और फारसा को भी जम्मू लेकर जाकर बसाने की तैयारी थी। ये हुए गिफ्तार त्रिपुरा का उनाकोटी का सुबीर सब्दाकर, जम्मू के सांबा का मो. जकारिया, म्यांमार के मो. शोएब, नूर मुस्तफा, सबकुर नाहर, नूर हबीबा व रजिया और बांग्लादेश का फारसा शामिल है।

सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक

श्रीमती हेमा त्रिपाठी

मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1

deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।